संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 258
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
रविवार 22 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



पीएम मोदी ने नीतीश सेतु का उद्घाटन किया, गमछा लहराया, कहा

जिस बिहार में घोटालों की गिनती होती थी, वहां अब निवेश के आंकड़े आते हैं

हाजीपुर/पटना (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के वैशाली में गंगा नदी पर बने कच्ची दरगाह–बिदुपुर सिक्स लेन पुल का उद्घाटन किया। ब्रिज का नाम बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार के नाम पर 'नीतीश सेतु' रखा गया है।

पीएम मोदी ने उद्घाटन से पहले पूर्व सीएम नीतीश कुमार को गले लगाया। उद्घाटन के बाद पुल पर टहलते हुए गमछा लहराया। पीएम मोदी ने कहा– एनडीए की सरकार से पहले बिहार में घोटालों की गितनी होती थी। अब यहां निवेश के आंकड़े गिने जा रहे हैं।

पीएम मोदी ने अपने 16 मिनट के भाषण में कहा– गंगा मैया पर बने इस पुल का नाम नीतीश जी के सम्मान में रखा गया है। ये उनकी सेवा समर्पण के सम्मान का प्रतीक है।



करीब तीन दशक पहले बिहार ने उम्मीद, विश्वास की नई राह चुनी थी। जिस बिहार को दशकों तक बदहाली झेलनी पड़ी, उसे नीतीश जी के नेतृत्व में सुशासन का भरोसा मिला।

हमने गरीबों को उन्हें घर दिया, इलाज दिया, बिजली पानी पहुंचाकर करोड़ों गरीबों को सम्मानपूर्वक जीवन दिया। इसके कारण गरीब के अंदर आत्मविश्वास जगा।

गरीबी के खिलाफ अभियान में बिहार का बड़ा योगदान है। डबल इंजन सरकार ने मेहनत से काम किया। योजनाओं को घर तक पहुंचाया गया। बिहार में 43 लाख लोगों को पक्के मकान दिए गए।

पीएम ने कहा– साफ नीयत से काम होता है तो नतीजे दिखते हैं। जिस देश में कांग्रेस गरीबी हटाओ के नारे लगाती रही। वहां 12 साल के भीतर 50 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। यह सरकार की इच्छाशक्ति का परिणाम है।

देश गरीबी के खिलाफ लड़ाई इसलिए जीत रहा है, क्योंकि वे हमारी प्राथमिकता है।

पीएम मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर 21 विभागों की 227 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इन योजनाओं की लागत 34,470 करोड़ से ज्यादा है।

पीएम ने कहा– हमने गरीबों को उन्हें घर दिया, इलाज दिया, बिजली पानी पहुंचाकर करोड़ों गरीबों को सम्मानपूर्वक जीवन दिया। इसके कारण गरीब के अंदर आत्मविश्वास जगा।

गरीबी के खिलाफ अभियान में बिहार का बड़ा योगदान है। डबल इंजन सरकार ने मेहनत से काम किया। योजनाओं को घर तक पहुंचाया गया। बिहार में 43 लाख लोगों को पक्के मकान दिए गए।

बिहार के 75 लाख किसानों में हजारों करोड़ रुपए पीएम किसान सम्मान निधि के भेजे गए। हम हमें न रुकना है, न थकना है, एनडीए के सभी दलों को मिलकर समर्थ और आत्मनिर्भर भारत के लिए साथ काम करना है। पीएम ने कहा– साफ नीयत से काम होता है तो नतीजे दिखते हैं। जिस देश में कांग्रेस गरीबी हटाओ के नारे लगाती रही।

अरुणाचल में सियांग बांध परियोजना का विरोध, अमित शाह बोले

लोगों की चिंता दूर करेंगे

ईटानगर (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश में 11,200 मेगावाट की प्रस्तावित बांध परियोजना को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सियांग घाटी के लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी चिंताओं का समाधान बातचीत से निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि परियोजना आगे बढ़ाते समय स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं से समझौता नहीं होगा। अमित शाह ने प्रभावित लोगों के लिए देश के सबसे आकर्षक पुनर्वास पैकेजों में से एक देने का भी भरोसा दिया।



अरुणाचल प्रदेश के बंदरदेवा स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि उन्हें सियांग क्षेत्र के लोगों की भावनाओं और आशंकाओं की जानकारी है। वह इन चिंताओं को सीधे सुनने और उनका समाधान करने के लिए अरुणाचल प्रदेश आए हैं। उन्होंने कहा, श्मैं सियांग के अपने भाई–बहनों को भरोसा देना चाहता हूं कि सकारात्मक बातचीत से हम आगे का रास्ता निकालेंगे। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।श अमित शाह ने कहा कि मीडिया के जरिए भी उन्हें लोगों की समस्याओं के बारे में पता चला है और इनमें कई मुद्दे महत्वपूर्ण हैं।

अमित शाह ने साफ–साफ कहा कि परियोजना को आगे बढ़ाते समय स्थानीय लोगों की संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं का पूरा सम्मान किया जाएगा। सरकार भी स्थानीय संस्कृति के प्रति उतना ही सम्मान रखती है, जितना वहां के लोगों का है। उन्होंने कहा कि इन परंपराओं से समझौता किए बिना ही आगे बढ़ा जाएगा। गृह मंत्री ने प्रभावित लोगों के लिए देश के सबसे आकर्षक पुनर्वास और पुनर्स्थापन पैकेजों में से एक देने का भरोसा भी दिया।

प्रस्तावित सियांग अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट (एसयूएमपी) को केंद्र सरकार राष्ट्रीय महत्व की परियोजना मानती है। इससे अरुणाचल प्रदेश के विकास, बिजली उत्पादन, राज्य की आय और देश की ऊर्जा व जल सुरक्षा को मजबूती मिलने की उम्मीद है। चीन की ओर से तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नदी के ऊपरी हिस्से में बड़े जलविद्युत प्रोजेक्ट की योजना भी इस परियोजना के रणनीतिक महत्व को बढ़ाती है। तिब्बत से भारत में प्रवेश करने वाली यही नदी सियांग कहलाती है और आगे असम में ब्रह्मपुत्र बन जाती है। सियांग और अपर सियांग जिलों के आदिवासी समुदाय, खासकर आदि समुदाय के लोग, प्रस्तावित बांध का विरोध कर रहे हैं।

मणिपुर में जहरीली शराब पीने से मचा हड़कंप

अबतक 13 की मौत, 300 से ज्यादा अस्पताल में भर्ती, कई की हालत गंभीर

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के चंदेल जिले में 18 नवंबर को जहरीली शराब पीने के बाद से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है और 300 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। मरीज मुख्य रूप से पहाड़ी जिले के



चकपिकारोंग और आसपास के इलाकों के रहने वाले हैं। इन्हें इंफाल के कई अस्पतालों – जैसे जेएनआईएमएस, आरआईएमएस, शिजा और बबीना – में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, श्शुक्रवार रात 9 बजे तक 13 लोगों की मौत की खबर है, जबकि जहरीली शराब पीने के कारण मेथनॉल पॉइजनिंग के शक में 346 मरीजों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा नहीं, लापरवाही है

मणिपुर में जहरीली शराब से मौतों पर राहुल गांधी ने भाजपा को घेरा, क्या आरोप लगाए?

नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर में जहरीली शराब पीने से 15 लोगों की मौत के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस घटना को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से हुई मौतें कोई हादसा नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही का नतीजा हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि मणिपुर पहले हिंसा की मार झेल चुका है और अब जहरीली शराब लोगों की जान ले रही है, लेकिन सरकार अब भी सो रही है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।



राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जहरीली शराब से हुई मौतों पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अस्पताल में भर्ती मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राहुल ने कहा कि यह घटना भाजपा सरकार की लापरवाही का नतीजा है।

उनके मुताबिक, पहले हिंसा ने सैकड़ों घरों को तबाह किया और अब जहरीली शराब लोगों की जिंदगी छीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद सरकार की ओर से जरूरी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने मांग की कि जहरीली शराब के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को बिना देरी पूरी सहायता और उचित मुआवजा मिलना चाहिए। राहुल ने अस्पतालों में भर्ती मरीजों के बेहतर इलाज और उनके जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद भी जताई। उनका कहना है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

चंदेल जिले के चकपी करोंग और आसपास के इलाकों में स्थानीय शराब पीने के बाद बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ गए। अब तक कम से कम 15 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। करीब 150 मरीज इंफाल के शिजा अस्पताल में जांच और इलाज करा रहे हैं। इसके अलावा बाबिना अस्पताल में भी कई मरीज भर्ती हैं। आशंका जताई जा रही है कि स्थानीय शराब में जहरीला रसायन मेथनॉल मिला हुआ था। हालांकि, शराब कहां से आई और उसमें यह रसायन कैसे मिला, इसकी जांच जारी है। मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने शुक्रवार को शिजा और बाबिना अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जाना।

गुरु गोबिंद सिंह के नाम पर क्यों नहीं?, नीतीश सेतु के नामकरण पर कांग्रेस का सवाल, कहा

सिखों की भावनाएं आहत

नई दिल्ली (एजेंसी)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शनिवार को बिहार के श्कच्ची दरगाह–बिदुपुरश छह–लेन पुल का नाम सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के बजाय जनता दल (यूनाइटेड) नेता नीतीश कुमार के नाम पर श्नीतीश सेतुश



रखने के फैसले पर सवाल उठाए। एक्स पर एक पोस्ट में, खेड़ा ने राज्य सरकार की आलोचना की और सवाल उठाया कि यह प्रक्रिया इस तरह से क्यों अपनाई जा रही है जिससे सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छह–लेन पुल का नाम श्नीतीश सेतुश रखकर, भाजपा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को मुख्यधारा की राजनीति से बाहर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पूछा, श्जिस पुल का नाम सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के नाम पर रखने का फैसला किया गया था, अब उसका नाम नीतीश कुमार जी के नाम पर रखने का निर्णय लिया जा रहा है।

अपराधियों से एक कदम आगे रहे पुलिस, सीएम फडणवीस बोल

तकनीक से बढ़ेगी पारदर्शिता, एआई से तैयार होगी चार्जशीट

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि तकनीक से पुलिस व्यवस्था अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और कुशल बननी चाहिए, न कि पुलिस बल को लापरवाह या जमीनी हकीकतों से कटा हुआ बना देना चाहिए।

वे मुंबई पुलिस आयुक्तालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां उन्होंने श्मेगा सिटी पुलिसिंगश पहल के तहत कई सुविधाओं की शुरुआत की। उन्होंने कहा, श्अपराधी भी तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसलिए, किसी भी स्थिति में पुलिस उनसे एक कदम पीछे नहीं रहनी चाहिए। पुलिस को हमेशा अपराधियों से एक कदम आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक पुरुष और महिला, अमीर और गरीब, या अलग–अलग जातियों और भाषाओं के लोगों के बीच



कोई भेदभाव नहीं करती है।

उन्होंने कहा, श्टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके हम कार्यक्षमता और पारदर्शिता ला सकते हैं, और जवाबदेही तय कर सकते हैं। डिजिटल रिकॉर्ड एक श्डिजिटल फुटप्रिंटश बनाते हैं, जिससे जानकारी के साथ छेड़छाड़ करना या रिकॉर्ड बदलना मुश्किल हो जाता है। किसी भी बदलाव के लिए उचित कारण देना जरूरी होगा।

उन्होंने बताया कि सरकार श्तपस सारथीश (नाम का एक ।ष–आधारित जांच सिस्टम विकसित कर रही है। यह सिस्टम एफआईआर दर्ज करने से लेकर चार्जशीट दाखिल करने तक की पूरी जांच प्रक्रिया को एक साथ जोड़ देगा। इसका मकसद ऐसी श्फूलप्रूफश (पूरी तरह से त्रुटिहीन) चार्जशीट तैयार करना है, जो अक्सर हजारों पन्नों की होती हैं।

उन्होंने कहा, श्इस सिस्टम के लिए दो पायलट प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं, और सरकार उनमें से सबसे प्रभावी प्रोजेक्ट को अपनाएगी। इस सिस्टम में अदालत के पुराने फैसले भी शामिल होंगे, जिससे जांचकर्ताओं को यह समझने में मदद मिलेगी कि अदालतें सबूतों का मूल्यांकन कैसे करती हैं। साथ ही, यह सिस्टम जांचकर्ताओं को सबूतों में कमियां पहचानने और नए आपराधिक कानूनों की जरूरतों को समझने में भी मदद करेगा। उन्होंने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के तहत अब डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को अदालत में स्वीकार किया जा सकता है। इन पहलों का मकसद फोरेंसिक सबूतों, डिजिटल रिकॉर्ड, गवाहों के बयानों और अन्य साक्ष्यों को एक श्एंड–टू–एंडश डिजिटल एविडेंस मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए जोड़ना है, जिससे दोषियों को सजा दिलाने की संभावना बढ़ सके।

100 दिन बाद भी संसद सत्रावसान नहीं, कांग्रेस ने उठाए सवाल, कहा

बहुमत जुटाने में जुटे पीएम और गृह मंत्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि संसद का मानसून सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुए 100 दिन बीत चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह परिसीमन विधेयक को पारित कराने के लिए लोकसभा में ष्बेहद दागदारष दो–तिहाई बहुमत की तलाश में हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि देश के हित में यही है कि लोकसभा की मौजूदा संख्या और राज्यों के हिसाब से सीटों की संरचना को वैसे ही रहने दिया जाए। इसके साथ ही महिलाओं के लिए एक–तिहाई आरक्षण लागू किया जाए। यह व्यवस्था तब तक बनी रहनी चाहिए जब तक कि श्विकसित भारतश का लक्ष्य हासिल न हो जाए।

रमेश ने एक्स पर लिखा, श्आज 100वां दिन है जब संसद का मॉनसून सत्र अनिश्चित काल



के लिए स्थगित किया गया था, लेकिन इसे अभी तक सत्रावसान नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की जोड़ी अभी भी लोकसभा में दो–तिहाई बहुमत की तलाश में है, ताकि परिसीमन से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक पास कराया जा सके। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसी को नहीं पता कि नए विधेयक में क्या होगा, क्योंकि पुराना विधेयक 17 अप्रैल को बुरी तरह से खारिज हो गया था।

उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के साथ गंभीर और व्यवस्थित तरीके से किसी नए प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पीएम मोदी को चार पत्र लिखे जाने के बावजूद, कोई सर्वदलीय बैठक नहीं बुलाई गई है। रमेश ने अपनी पोस्ट में लिखा, श्देश के सामने आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, सैन्य और विदेश नीति से जुड़ी कहीं अधिक गंभीर और जरूरी चुनौतियां हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। परिसीमन जैसे बड़े और व्यापक काम को अभी टाला जा सकता है। 1976 में इंदिरा गांधी ने इसे 25 साल के लिए टाल दिया था। 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे और 25 साल के लिए टाल दिया था। यानी 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के नतीजे आने तक। वे समझदार और राष्ट्रवादी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने याद दिलाया कि 19 नवंबर को फिक्की के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर गहरी चिंता जताई थी।

संपादकीय

सोना कितना सोना

भारत में सदियों से सोने का सम्मोहन रहा है। हमारे लिये यह सोना महज कीमती धातु ही नहीं है बल्कि हम सबके संस्कारों, रीति–रिवाजों और धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा रहा है। मौजूदा दौर में यह लाखों परिवारों के लिये एक निवेश और वित्तीय सुरक्षा का जरिया भी है। माना जाता है कि सोना संकट का साथी है। इसलिये, सोने के आभूषणों की शुद्धता के मामले में कोई समझौता स्वीकार्य नहीं हो सकता है। लेकिन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग के ऑडिट के शुरुआती निष्कर्षों ने श्ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्सश यानी बीआईएस की निगरानी प्रणाली में गंभीर खामियों को उजागर किया है। निस्संदेह, यह एक ऐसी चेतावनी है, जिसे नियामक भी अनदेखी नहीं कर सकते। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के ऑडिट के शुरुआती निष्कर्षों से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों में अस्सी फीसदी से अधिकृत पंजीकृत जौहरियों की जांच न कर पाना विडंबना ही है। इसके साथ ही हॉलमार्किंग केंद्रों के अनिवार्य ऑडिट में 43.7 फीसदी की कमी होना नियामक संस्था के अपने कर्तव्यों की पालना में गंभीर लापरवाही को ही दर्शाता है। यह बात भी बेहद चिंताजनक है कि प्रवर्तन कार्रवाई, कानूनी मुकदमों और दंडात्मक कार्रवाई के कोई व्यवस्थित रिकॉर्ड नहीं रखे गये हैं। जो नियामक संस्था नियमों के पालन की ठीक से निगरानी नहीं कर सकती अथवा नियमों के उल्लंघन पर नजर नहीं रख सकती, निश्चित रूप से वह पूरी निगरानी प्रणाली की विश्वसनीयता को ही कमजोर कर देती है। दूसरे शब्दों में कहें तो वह उपभोक्ताओं की रक्षा करने की जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पायी है। वहीं दूसरी ओर रेनियम की कथित मिलावट की जांच, जो संभवतरू नियमित शुद्धता परीक्षाओं की जांच में पकड़ में नहीं आ पायी थी, इस बात को ही उजागर कर देती है कि सही मायने में केवल मौजूदा परीक्षण विधियों पर निर्भर रहने की अपनी सीमाएं हैं। जो जांच के तौर–तरीकों में बदलाव की जरूरत को बताता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सोने को लेकर ग्राहकों के विश्वास को हर कीमत पर बनाये रखना लाजिमी है। जांच परीक्षण में सोने की शुद्धता स्पष्ट न होना हालांकि एक अलग मामला है, लेकिन इससे यह अंतिम निष्कर्ष भी नहीं निकाला जा सकता है कि सोने में बड़े पैमाने पर मिलावट हो रही है। लेकिन इतना जरूरी है कि सोने को गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतारने के लिये जांच के लिये अधिक उन्नत परीक्षण किया जाना चाहिए। इसके साथ ही गुणवत्ता के मानकों के निर्धारण के लिये स्वतंत्र सत्यापन की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है। देश में नियामक संस्था के लिये मैनपॉवर की कमी नहीं है। वहीं दूसरी ओर भौगोलिक बाधाओं को अपर्याप्त निगरानी के लिये स्थायी बहाना नहीं बनाया जा सकता है। 'ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स' को अपनी निरीक्षण क्षमता को निश्चित रूप से मजबूत व पारदर्शी करना चाहिए। यदि उन्नत टेस्टिंग वाली तकनीक को अपनाया जाता है तो लोगों का व्यवस्था पर भरोसा कायम होगा। सही मायने में श्ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्सश को जोखिम–आधारित निगरानी प्रणाली लागू करनी चाहिए। साथ ही सख्त जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। इसके अलावा थर्ड–पार्टी ऑडिट और विकेंद्रीकृत निगरानी व्यवस्था से भी कवरेज में सुधार किया जा सकता है। सही मायने में उपभोक्ताओं को 'बीआईएस केयर' ऐप के जरिये बीआईएस हॉलमार्क और छह अंकों वाले हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन यानी एचयूआईडी कोड की जांच जरूर करनी चाहिए। यह भी कि उपभोक्ता हमेशा प्रतिष्ठित ज्वैलर्स से ही सोने के आभूषण खरीदें। साथ ही उपभोक्ता को सुनार से विस्तृत बिल की मांग भी करनी चाहिए। सही मायने में, हॉलमार्किंग सोने के आभूषण पर लगा महज एक ठप्पा मात्र नहीं है। बल्कि यह सोने की शुद्धता का वायदा भी है। दूसरे शब्दों में कहें तो हॉलमार्क को कड़े निरीक्षण, पारदर्शी प्रवर्तन और भरोसेमंद टेस्टिंग का संबल मिलना चाहिए। सही अर्थों में इन सुरक्षा मानकों के अनुपालन के बिना, नियामक ढांचा कभी भी सोने जितना खरा होने का दावा नहीं कर पाएगा।

आधुनिक भारत और नेहरू, गांधी परिवार की विरासत

इन दिनों नेहरू–गांधी परिवार सुर्खियों में है। सोनिया गांधी की किताब–श्बिलॉन्गिंगरू ए जर्नी ऑफ लवश से जुड़ी हलचल ने लोगों का ध्यान परिवार की तरफ खींचा है। पेंगुइन के टालमटोल के बाद नए प्रकाशक ने किताब छापने का फैसला किया। उस वक्त बताया गया कि किताब की एक लाख प्रतियां प्रकाशित की जाएंगी। 16 नवंबर को नई दिल्ली में लॉन्चिंग पर प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स इंडिया के सीईओ अनंत पद्मनाभन ने बताया कि एक सप्ताह में पुस्तक की दो लाख प्रतियां बिक चुकी हैं। पश्चिमी देशों में किसी पुस्तक की दस–बीस लाख प्रतियां बिकना बड़ी बात नहीं है। भारत में किताबें पढ़ने में लोगों की दिलचस्पी ज्यादा नहीं है। इसलिए यह संख्या हैरान करती है। किताब खरीदने वाले लोगों में बड़ी संख्या कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं की भी होगी। फिर भी, किसी शख्सियत के संस्मरण या आत्मकथ्य के प्रति लोगों की उत्सुकता पहले कभी इतनी ज्यादा नहीं देखी गई थी। सोनिया की किताब पर उठी चर्चा के कई कारण हैं। पेंगुइन के टालमटोल के बाद मीडिया में अनुमान लगाए गए। अखबारों ने किताब के अंशों का प्रकाशन शुरू कर दिया। अभी हाल के वर्षों में किसी किताब के इतने ज्यादा अंश मीडिया में नहीं आए हैं। किताब पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की प्रतिक्रिया ने भी लोगों की उत्सुकता जगाई है। यों भी, बीते 12–13 वर्षों से नेहरू–गांधी परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के निशाने पर हमेशा रहता है। कांग्रेस के कार्यकर्ता जवाहर लाल नेहरू को जितना याद नहीं करते हैं, उससे ज्यादा तो भाजपा के नेता उनका नाम लेते हैं। मोदी ने संसद में कई बार नेहरू पर तीखे प्रहार किए हैं। उनके कथनों, आर्थिक नीतियों, विदेश नीति की कड़ी आलोचना की गई है। नेहरू के खिलाफ सुनियोजित अभियान चलाया गया है। बयानों के अलावा मीम्स, ट्रोल्स के जरिये उनका उपहास उड़ाया जाता है। भारत की तमाम सामाजिक, आर्थिक समस्याओं के लिए उन्हें दोषी ठहराया जाता है। नेताओं के अलावा अर्थशास्त्रियों, विश्लेषकों और विद्वानों की फौज नेहरू की नीतियों की समीक्षा करती है। इतिहास के हर दौर में राजनेताओं और समाज को प्रभावित करने वाली हस्तियों, संगठनों के कामकाज, फैसलों का मूल्यांकन होता है। उनके सही, गलत निर्णयों और उपलब्धियों की वस्तुनिष्ठ समीक्षा होती है। ऐसा होना भी चाहिए। इससे भविष्य के लिए नई दिशा मिलती है। लेकिन, नेहरू,गांधी खानदान की आलोचना के मामले में बहुत बार ऐसा नहीं हो रहा है। आधुनिक भारत में सत्ता पर लंबे समय तक रहने वाले परिवार के मामले में अलग मापदंड अपनाए गए हैं। अब निशाने पर सबसे अधिक राहुल गांधी हैं। उन्हें पप्पू, नामदार, शहजादे, अपरिपक्व सहित कई अन्य उपाधियों से विभूषित किया गया है। उन्हें देश विरोधी बताया जाता है। राहुल की विदेश यात्राओं से पहले उनके खिलाफ भाजपा के बयान आने लगते हैं। राहुल के कुछ बयान असहज करते हैं। लेकिन अब उनमें परिपक्वता नजर आती है। उनके साथ एक समृद्ध राजनीतिक परिवार की विरासत जुड़ी है। उन्हें अच्छा लॉन्च पैड मिला था। उन्होंने अपनी सक्रियता और चुनाव प्रक्रिया में धांधली जैसे मुद्दों को उठाकर एक मजबूत और असरदार विपक्षी नेता के रूप में अलग पहचान बना ली है। सोनिया की किताब में लोगों की दिलचस्पी केवल सोनिया के कारण नहीं है। भारत के इतिहास में नेहरू, गांधी परिवार की अमिट छाप को भुलाना मुश्किल है। स्वाधीनता संग्राम और फिर आजादी के बाद देश की सार्वजनिक गतिविधियां इस परिवार के आसपास केंद्रित रही हैं। खानदान में दो व्यक्तित्व सबसे अहम हैं। एक हैं–जवाहर लाल नेहरू और दूसरी हैं–उनकी बेटी इंदिरा गांधी। भारत के वर्तमान स्वरूप में नेहरू की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। आधुनिक भारत की स्थिति पर गौर करते हुए नेहरू के योगदान को नहीं भूलना चाहिए। नई पीढ़ी शिक्षा, साइंस, टेक्नालॉजी, रिसर्च, मेडिकल साइंस, आईटी, कृषि, औद्योगिक विकास सहित कई क्षेत्रों में भारत की तेज रफ्तार को महसूस करती है। उसके पीछे नेहरू की सोच, दृष्टि और कल्पना मौजूद है। आजादी के संग्राम में साढ़े नौ वर्ष तक जेल में रहे नेहरू ने विकास के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा था। उनके दौर में सार्वजनिक क्षेत्र में 50 से अधिक बड़े संस्थानों की नींव रखी गई। इनमें कुछ प्रमुख हैं, जीवन बीमा निगम, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, इंडियन ऑयल, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, हिंदुस्तान मशीन टूल्स। शिक्षा, कला, संस्कृति। की तरफ भी उनका झुकाव था। कई संस्थाएं उनके बहुआयामी व्यक्तित्व की तस्वीर पेश करती हैं। संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी, ललित कला अकादमी, नेशनल म्यूजियम, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, फिल्म इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया जैसे संस्थानों ने उनकी पहल से आकार लिया। नेहरू के सपनों का संसार अंतरिक्ष की ऊंचाइयों से होड़ करता था। उन्हें विरासत में गरीब और समस्याग्रस्त देश मिला था। विभाजन की विभीषिका ने देश के मानस पर गहरे जख्म किए थे। उन्होंने ऐसे समय में देश के घावों पर मरहम रखने के साथ उसकी तरक्की का योजनाबद्ध अभियान हाथ में लिया। भाखड़ा नंगल बांध की शुरुआत करते हुए नेहरू ने उसे आधुनिक भारत का तीर्थ कहा था। नेहरू ने भाखड़ा से साथ हीराकुंड, नागार्जुन सागर, दामोदर वैली, रिहंद बांध, तुंगभद्रा, कोसी और चंबल जैसी बांध योजनाओं को धरातल पर उतारा। नेहरू की दृष्टि तरक्की के हर क्षितिज को स्पर्श करती है। अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और एम्स के साथ उनकी प्राथमिकता में नेशनल बुक ट्रस्ट, यूजीसी और एनसीईआरटी भी थे। भारत ने आज आईटी, फार्मास्युटिकल्स और ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में खास पहचान बनाई है। इन सबके पीछे नेहरू के अनंत सपनों की दुनिया है। गूगल के सुंदर पिचई जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की दिग्गज हस्तियां भारत के आईआईएम, आईआईटी की देन हैं। कुछ साल पहले देश में स्मार्ट सिटी की बहुत चर्चा थी। नेहरू ने चंडीगढ़ के रूप में देश के सामने स्मार्ट सिटी की परिकल्पना पेश कर दी थी। नेहरू के दौर में भारत गरीब था। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसकी आवाज बहुत प्रभावशाली थी।

आर्थिक संकट का सच

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जब भी विदेश यात्रा पर जाते हैं भाजपा का रक्तचाप बढ़ जाता है। राहुल गांधी अगर निजी यात्रा पर जाते हैं तो भाजपा की मांग रहती है कि वो अपनी निजता को छोड़ सार्वजनिक तौर पर बताएं कि वो कहां जा रहे हैं, क्यों जा रहे हैं और किससे मिल रहे हैं। हालांकि सरकार भाजपा की ही है तो उसे पता रहता है कि राहुल गांधी कब जा रहे हैं, किस फ्लाइट से जा रहे हैं, कहां जा रहे हैं, कब लौट रहे हैं आदि। लेकिन फिर भी बात का बतंगड़ बनाने के लिए वह ये सवाल उठाती है। वहीं राहुल गांधी जब बतौर नेता प्रतिपक्ष विदेश यात्रा पर जाते हैं, तब तो भाजपा की तकलीफ और ज्यादा बढ़ जाती है। क्योंकि तब राहुल वैश्विक मंचों से अपनी बात रखते हैं। अभी अमेरिका की कोलम्बिया और शिकागो यूनिवर्सिटी में चर्चा और व्याख्यान के लिए राहुल गांधी को बुलाया गया था। दोनों ही जगह उन्होंने छात्रों से और समाज के अन्य तबकों के प्रतिनिधियों से खुली चर्चा की। लोकतंत्र, भारत में चुनाव चोरी, एसआईआर की गड़बड़ियां, जेन जी आंदोलन, दिल्ली का बढ़ता प्रदूषण, बेरोजगारी, महंगाई तमाम मुद्दों पर उन्होंने खुल कर अपनी बात रखी। 17 नवंबर को न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने भारतीय अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर जो बयान दिए, उन पर देश में राजनीतिक विवाद शुरू हो चुका है। दरअसल राहुल गांधी ने कहा था कि भारत एक श्आर्थिक आपदाश की कगार पर है और देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी व शिक्षा व्यवस्था की गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत का आर्थिक मॉडल करीब एक दशक पहले ही नतीजे देना बंद कर चुका है और इसी क्रम में राहुल ने श्मेक इन इंडियाश्य तथा श्स्टार्ट–अप इंडियाश जैसी योजनाओं की सफलता पर सवाल उठाए। राहुल ने कहा कि एक के बाद एक मोदी की सारी योजनाएं विफल साबित हुई हैं। क्योंकि देश में विनिर्माण क्षेत्र उस स्तर पर नहीं पहुंचा है, जहां बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हो सकें। कांग्रेस ने आर्थिक विकास का जो मॉडल बनाया था, जिसमें लघु और मध्यम उद्योगों, कृषि, सार्वजनिक निकायों आदि के लिए जो दीर्घकालिक योजनाएं बनाई जाती थीं, वो अब खत्म हो गया है। उन्होंने उद्योग और व्यापार में एकाधिकार होने पर भी चिंता जताई। राहुल ने इस मुद्दे को भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना से जोड़ा। उनका कहना था कि अगर आर्थिक विकास का लाभ समाज के बड़े हिस्से तक नहीं पहुंचता और छोटे कारोबार कमजोर होते हैं तो रोजगार तथा आर्थिक अवसरों का संकट बना रहेगा। राहुल गांधी ने कोई ऐसी बात नहीं कही जो वे पहले भारत के मंचों से न कह चुके हों। संसद से लेकर चुनावी सभाओं या छात्रों की गूंज जैसे कार्यक्रमों में राहुल जहां भी जाते हैं, वे इस बात पर लोगों को आगाह करते हैं कि मोदी सरकार ने निजीकरण के नाम पर सब कुछ केवल दो लोगों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी को सौंप दिया है। राजनीति की तरह व्यापार में भी सबको समान अवसर से वंचित किया जा रहा है, जिस वजह से न केवल आम आदमी के लिए आर्थिक संकट बढ़ा है, बल्कि छोटे–मध्यम कारोबारियों की तकलीफें भी बढ़ी हैं। अपनी इन्हीं बातों को राहुल गांधी ने विदेश के मंचों से कह दिया तो अब भाजपा हाय तौबा मचा रही है। भाजपा का कहना है कि वैश्विक आंकड़े भारत की तेज आर्थिक वृद्धि दिखाते हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष देश को नकारात्मक रूप में पेश कर रहे हैं। भाजपा की तरह ही गोदी मीडिया ने भी अपने प्राइम टाइम को इसी चर्चा के लिए सुरक्षित कर लिया कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत का अपमान क्यों करते हैं। भाजपा के लिए राहुल पर हमले करने का शायद यह सबसे आसान तरीका है। लेकिन जो पत्रकार भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए ऐसी चर्चाएं करवा रहे हैं, क्या उन्हें नहीं पता कि सोशल मीडिया के कारण अब दुनिया के किसी भी मंच से कोई भी बात कही जाए, वह तुरंत एक कोने से दूसरे कोने में पहुंचती है। राहुल दिल्ली में आर्थिक बर्बादी की बात करें या न्यूयॉर्क में, एक ही बात है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने खुद लोगों से किफायत बरतने, सोना न खरीदने, गाड़ी छोड़ सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने और साल भर तक विदेश न जाने की अपील लोगों से की थी, क्या उसे दुनिया के बाकी लोगों ने नहीं सुना होगा। देश अगर वाकई तेज आर्थिक वृद्धि के पथ पर रहता तो मोदी को ऐसी अपील करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। मोदी ने आर्थिक संकट की बात कही तो उसे समझदारी भरी सलाह कहा गया और वही बात राहुल ने दूसरे तरीके से बता दी तो भाजपा को बुरा लग गया। कायदे से उसे बुरा इस बात पर लगना चाहिए कि सत्ता के बारह सालों में वह महंगाई और बेरोजगारी का उपाय नहीं निकाल पाई है, जिससे साधारण जनता बुरी तरह जूझ रही है। नौकरियां न मिलने के कारण लोग गिग वर्कर्स बन रहे हैं, डिग्री हासिल किए युवा तरह–तरह की कुंठाओं का शिकार हो रहे हैं। त्योहार के वक्त भी लोगों को महंगाई से निजात नहीं मिली। क्या यह सब भाजपा को दिखाई नहीं दे रहा। अगर आर्थिक वृद्धि होती तो उसकी खुशहाली आंकड़ों में ही नहीं जमीन पर भी दिखाई देती।



संस्थागत अधिकार के सम्मान का क्षरण भारतीय लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा

के रवींद्रन

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के भीतर और बाहर जो असाधारण दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में पनपी एक गहरी समस्या की चिंताजनक निशानी हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद एक वकील को अदालत कक्ष से बाहर निकाले जाने का नजारा, केवल न्यायिक मर्यादा के उल्लंघन की एक अकेली घटना नहीं है। केरल में सत्ताधारी दल के नेतृत्व से जुड़ी अवमानना की कार्रवाई की पृष्ठभूमि में हुई यह घटना, संवैधानिक अधिकार के प्रति घटते सम्मान और इस क्षरण के कारणों पर कई असहज सवाल खड़े करती है। 16 नवंबर की घटना, जिसमें एक वकील ने कथित तौर पर मुख्य न्यायाधीश की ईमानदारी और उनके पद पर बने रहने की योग्यता पर सवाल उठाए, पेशेवर असहमति की जायज सीमाओं को पार कर गई। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने अवमानना की कार्रवाई की मांग की, और अटॉर्नी जनरल ने भी इस कार्रवाई को शुरू करने के लिए अपनी सहमति दे दी। इससे पहले, सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य न्यायाधीश को निशाना बनाने वाली एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी किया था। पार्टी का कहना था कि वह संदेश नेतृत्व की अनुमति के बिना प्रकाशित किया गया था, और बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी। इन परिस्थितियों पर विचार करना जरूरी है, खासकर इसलिए क्योंकि अवमानना के आरोपों और किसी को दोषी ठहराए जाने के बीच फर्क करना आवश्यक है। एक समय था जब अदालत के शिष्टाचार से थोड़ा सा भी विचलन न्यायिक गरिमा का अपमान माना जाता था। वकील बहुत सम्मान के साथ पीठ (बेंच) के सामने अपनी बात रखते थे, और न्यायिक फैसलों पर असहमति को आमतौर पर स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं के जरिए ही व्यक्त किया जाता था। अदालत कक्ष को एक ऐसी जगह माना जाता था जहां व्यक्तियों के बजाय तर्कों का महत्व अधिक होता था। आज के टकरावपूर्ण सार्वजनिक माहौल में यह परंपरा कमजोर पड़ गई है, जहां राजनीतिक बयानबाजी, व्यक्तिगत आरोपों और सोशल मीडिया अभियानों के जरिए अक्सर संस्थागत अधिकारों को चुनौती दी जाती है। फिर भी, इस गिरावट के लिए पूरी तरह से गैर–जिम्मेदार वकीलों, राजनेताओं या अनियंत्रित जनता को जिम्मेदार ठहराना बहुत ही सरल सोच होगी। किसी संस्था के प्रति सम्मान को केवल औपचारिक परंपराओं, अनुशासनात्मक शक्तियों या संवैधानिक दर्जे के सहारे हमेशा के लिए बनाए नहीं रखा जा सकता। इसके लिए लगातार सही आचरण, पारदर्शिता, निष्पक्षता और उन सिद्धांतों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखानी पड़ती है, जो उस संस्था के अस्तित्व को सही ठहराते हैं। यह बात संसद और कार्यपालिका पर उतनी ही लागू होती है, जितनी कि संवैधानिक निकायों और न्यायपालिका पर। न्यायपालिका एक अत्यंत संवेदनशील स्थिति में होती है, क्योंकि उस पर मौलिक अधिकारों की रक्षा करने, संविधान की व्याख्या करने और सरकार के अन्य अंगों की मनमानी पर रोक लगाने की जिम्मेदारी होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के बने रहने के लिए न्यायपालिका की स्वतंत्रता अनिवार्य है। इसका मतलब यह नहीं है कि जब कोई फैसला किसी राजनीतिक दल या किसी वादी को निराश करे, तो न्यायपालिका को डराया–धमकाया जाए। अदालतें धमकियों, सुनियोजित दबाव या व्यक्तिगत निंदा के माहौल में काम नहीं कर सकतीं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए ऐसे व्यवहार से सुरक्षा जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, फैसलों, प्रशासनिक कार्यप्रणालियों और संस्थागत व्यवस्थाओं की तर्कपूर्ण आलोचना करना संवैधानिक लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है। आलोचना और डराने–धमकाने के बीच का फर्क स्पष्ट होना चाहिए, खासकर तब जब खुद न्यायपालिका को यह तय करना हो कि क्या अदालत की अवमानना हुई है। भारत की न्यायपालिका के सामने ऐसी चुनौतियां हैं जो केवल अदालती कार्रवाई तक सीमित नहीं हैं। लंबित मामलों का भारी बोझ, लंबे समय तक चलने वाले मुकदमे, खाली पद, कानूनी प्रतिनिधित्व तक असमान पहुंच और न्याय पाने का आर्थिक बोझकृइन सबने जनता के बीच निराशा पैदा की है। एक आम नागरिक के लिए, किसी संस्था की विश्वसनीयता इस बात से नहीं मापी जाती कि संविधान के बारे में क्या–क्या कहा जा रहा है, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि क्या उसे समय पर और किफायती न्याय मिल सकता है। जो व्यवस्था सर्वोच्च स्तर पर मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा करने में सक्षम है, उसे उन लोगों के लिए भी सुलभ होना चाहिए जो निचली अदालतों में सालों से कानूनी कार्रवाई से जूझ रहे हैं। बड़ी समस्या यह है कि संस्थागत साख में गिरावट भारत की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति की एक विशेषता बन गई है। संसद, जिसे कभी राष्ट्रीय विचार–विमर्श का मुख्य केंद्र माना जाता था, अब अक्सर ऐसे टकरावों का गवाह बनती है जो कानूनों की गहन जांच–परख को पीछे धकेल देते हैं। जांच एजेंसियों का कामकाज भी संस्थागत बहस का एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। अलग–अलग राजनीतिक विचारधारा वाली सरकारों के दौर में, चुनिंदा लोगों पर कार्रवाई करने, राजनीतिक कारणों से जांच करने और अलग–अलग लोगों के साथ अलग–अलग व्यवहार करने के आरोप लगते रहे हैं। चुनाव आयोग, स्वायत्त नियामक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और प्रशासनिक तंत्र के कुछ हिस्सों को लेकर भी ऐसी ही चिंताएं हैं। इन संस्थाओं की वैधता उनकी पेशेवर स्वतंत्रता और जनता के भरोसे से आती है। जब नियुक्तियों, फैसलों या हस्तक्षेपों को मुख्य रूप से राजनीतिक नफे–नुकसान के नजरिए से देखा जाने लगता है, तो इन संस्थाओं की साख कमजोर हो जाती है। विभिन्न सरकारों ने इन संस्थाओं को अपनी सुविधा के साधन के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश करके इन दबावों को और बढ़ाया है। राजनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रिया का लगातार केंद्रीकृत होना इस समस्या को और गंभीर बनाता है। जब सत्ता कुछ गिने–चुने नेताओं के एक छोटे से दायरे में सिमट जाती है, तो संस्थाओं के भीतर असहमति जताने, नौकरशाही में खुलकर अपनी बात रखने और स्वतंत्र पेशेवर राय देने की गुंजाइश कम हो जाती है।

जलभराव से निजात दिलाने के लिए नगर निगम का विशेष अभियान, 45 अतिक्रमण हटाए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। षहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने और जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनाने के लिए नगर निगम ने विषेश नाला सफाई एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज कर दिया है। माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका के क्रम में षनिवार को बालसन चौराहे से जवाहरलाल नेहरू रोड होते हुए गीता निकेतन एवं फोर्ड रोड तक नालों की विषेश सफाई कराई गई। अभियान में नगर निगम की वर्कषॉप की मषीनों और वाहनों को लगाया गया। साथ ही नालों एवं सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर निगम के अनुसार अभियान के तहत 50 लोगों को नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें 37 के अतिक्रमण ध्वस्त किए गए, जबकि आठ लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटा लिया। पार्वती हॉस्पिटल, पैरामाउंट बेकरी, संजय स्वीट्स एंड बेकर्स, सुनील पांडेय एवं दस्तरख्वान सहित अन्य स्थानों पर कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त मेडिकल कॉलेज के पास भी आठ अतिक्रमण हटाए गए। नगर निगम ने स्पश्ट किया है कि षहर के अन्य क्षेत्रों में भी अभियान जारी रहेगा। जल निकासी में बाधा बनने वाले अतिक्रमण हटाने के साथ नालों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएगी।



टीजीटी –2026 आवेदन की तिथि बढी, 28 तक करें आवेदन

23 और 24 दिसंबर को होगी परीक्षा : अध्यक्ष डा प्रशांत कुमार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। यूपी षिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज ने आज टीजीटी भर्ती – 2026 में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। चयन आयोग के अध्यक्ष डा प्रषांत कुमार ने बताया कि आयोग ने आवेदन की अंतिम तिथि 23 नवंबर से बढ़ाकर 28 नवंबर कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर आदेष के चलते आयोग ने आवेदन की अंतिम तिथि बढाई है। आयोग ने 23 अक्टूबर को विज्ञापन संख्या 07ध्2026 जारी किया था जिसमें आनलाइन आवेदन 24 अक्टूबर से षुरू हुआ था,अब अभ्यर्थी 23 नवंबर के बजाय 28 नवंबर तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी 30 नवंबर तक संषोधन कर सकेंगे और परीक्षा परीक्षा 23 और 24 दिसंबर को आयोजित की गयी है।



पूरे सज धज के साथ निकली भगवान श्रीशालिग्राम और तुलसी की शोभायात्रा

रात्रि में हुआ विवाह, शनिवार को भंडारा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। श्री आनंद बिहारी विराजमान राधा कृश्ण मंदिर सब्जीमंडी षाहगंज से भगवान श्री षालिग्राम और तुलसीजी की बारात (षोभायात्रा) षुक्रवार को निकाली गई। रात्रि में वैदिक रीति से विवाह सम्पन्न हुआ। षोभायात्रा का षुभारम्भ 11 वेदपाठी ब्राह्मणों



के मंत्रोच्चार से हुआ। पूर्व आईपीएस जुगुल किषोर तिवारी ने पूजन किया। इसके बाद फूलों से सजे रथ पर भगवान को विराजमान कराया गया। पुजारी पंडित दिगम्बर प्रसाद त्रिपाठी ने पूजन–आरती की, पत्नी सुधा त्रिपाठी ने परछन की। षोभायात्रा षाहगंज, जानसेनगंज, हिवेट रोड, अग्रसेन चौराहा, घंटाघर, फलमंडी, लोकनाथ, कोतवाली, ठठेरी बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। डीजे, षहनाई, डमरू व ढोल–ताषा के साथ श्रद्धालु नाचते–गाते चले। जगह–जगह पुश्पवर्शा से स्वागत हुआ। एसीपी निकिता श्रीवास्तव व कोतवाली इंचार्ज सुधीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस मुस्तैद रही। पीस कमेटी के चांद मियां व मोहम्मद अकरम सहित अन्य लोगों ने कोतवाली पर स्वागत किया।

गेम चेंजर्स और लॉयल ब्वॉयज ने दर्ज की जीत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। केपी बास्केटबॉल अकादमी में आयोजित फ्रेंडषिप बास्केटबॉल प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में गेम चेंजर्स ने ग्रेट जूनियर को कड़े संघर्श में 13–12 अंकों से हराया। विजेता टीम की ओर से ऐष ने 7, अवनी सिंह ने 4 और विंध्या गुप्ता ने 2 अंक बनाए। वहीं ग्रेट जूनियर की ओर से अर्णा ने 6, छवि यादव ने 4 और पंक्ति ने 2 अंक का योगदान दिया। दूसरे मुकाबले में लॉयल ब्वॉयज ने कोर्ट क्वीन्स को 10–4 अंकों से पराजित किया। लॉयल ब्वॉयज की ओर से राघवेंद्र सिंह ने 7 और देवांष मिश्रा ने 3 अंक बनाए, जबकि कोर्टक्वीन्स की ओर से तेजस्विनी ने 4 अंक अर्जित किए। इस अवसर पर टेनिस खिलाड़ी ऋशि षर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अकादमी के कोच रवि प्रकाष मौर्य ने उनका स्वागत किया। मैच के मुख्य निर्णायक अनंत मौर्य और आदित्य वंष षर्मा रहे।

किसानों की समस्याओं को लेकर सपा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

बीज-खाद वितरण में अनियमितता, जर्जर बिजली तार, जाम और गौशालाओं में भ्रष्टाचार की जांच समेत कई मांगें उठाईं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। तहसील दिवस के अवसर पर किसानों एवं आम जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल के नेतृत्व में सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कोरॉव को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय के भीतर समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो पार्टी जनहित में धरना–प्रदर्शन एवं आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



सौंपे गए ज्ञापन में ब्लॉक स्थित बीज गोदाम में बीज वितरण व्यवस्था में कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावा खाद वितरण में धांधली और किसानों को हो रही परेशानियों पर रोक लगाने की मांग की गई। सपा नेताओं ने बिजली के जर्जर तारों को बदलवाने तथा नगर पंचायत कोरॉव में बड़े वाहनों के आवागमन से प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या का स्थायी समाधान कराने की भी मांग रखी।

ज्ञापन में क्षेत्र की सभी गौशालाओं में कथित तौर पर व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। वहीं ग्राम पंचायत बढ़वारी कला एवं भलुहा में पुनः धान खरीद केंद्र स्थापित कराने पर जोर दिया गया, ताकि स्थानीय किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूरदराज के केंद्रों का चक्कर न लगाना पड़े और उन्हें समय से धान बिक्री की सुविधा मिल सके।

सपा नेताओं ने प्रशासन से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के साथ हो रही परेशानियों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर पार्टी चुप नहीं बैठेगी। यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो इसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल, प्रमोद मिश्रशपयासीश,यादवेंद्र अहीर, पुष्कर यादव, अजित पटेल, रामानुज यादव, सहादत अली, नौसाद अंसारी, पवन सिंघाल पटेल, शहादत अली, महताब खान,राजेश पाण्डेय, पवन सोनकर, राजकुमार कोल, रमाशंकर भास्कर सहित बड़ी संख्या में सपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं समाजवादी नेता एवं चर्चित समाजसेवी प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा कि किसानों के हक, सम्मान और क्षेत्र की जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। जनता की आवाज को शासन–प्रशासन तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समाधान कराना ही प्राथमिकता है। उन्होंने दोहराया कि किसानों के अधिकारों एवं जनता के सम्मान के लिए समाजवादी पार्टी का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

1650 ग्राम गांजा और बिक्री के 2182 रुपये के साथ महिला गिरफ्तार

खीरी के सिलौंधी गांव में पुलिस ने की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खीरी थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के कब्जे से 1650 ग्राम अवैध गांजा और उसकी बिक्री से प्राप्त 2182 रुपये बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त यमुनानगर और सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा के पर्यवेक्षण में थाना खीरी पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 नवंबर 2026 को शाम करीब 4रू45 बजे उपनिरीक्षक हरेंद्र यादव पुलिस टीम और महिला आरक्षियों के साथ ग्राम सिलौंधी में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस ने गांव निवासी प्रमिला पटेल (28 वर्ष), पत्नी योगेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1650 ग्राम अवैध गांजा और गांजा बिक्री के 2182 रुपये बरामद किए गए।



इस मामले में थाना खीरी में मु0अ0सं0 205/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म स्वीकार करते हुए अपनी सफाई न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करने की बात कही है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हरेंद्र यादव, कांस्टेबल चंदन सिंह तथा महिला कांस्टेबल तारा प्रतापी, स्वाती, गुंजा कुमारी और नंदिनी शामिल रहीं। पूरी कार्रवाई थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई।

जल निकासी की प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करें : डा लोकेश एम

वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए बालसन चौराहे से लाउदर रोड होते हुए मेडिकल कॉलेज तक पाइपलाइन बिछाने के कार्य का किया निरीक्षण





प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज षहर के सौंदर्यीकरण, वर्शा ऋतु में होने वाली जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान, मेडिकल कॉलेज के आसपास वेंडिंग जोन को सुव्यवस्थित करने तथा हनुमान मंदिर में वर्शपर्यंत आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम दर्षन के दृश्टिगत मंडलायुक्त डॉ. लोकेष एम ने आज पीडीए उपाध्यक्ष ऋशिराज एवं नगर आयुक्त श्री साईं तेजा सहित संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न परियोजनाओं का आज स्थलीय निरीक्षण कर जरुरी निर्देष दिए।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम मंडलायुक्त ने बालसन चौराहे पर पहुंचकर लाउदर रोड की ओर कराए जा रहे पाइपलाइन बिछाने के कार्य का जायजा लिया। वर्शा ऋतु में इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या मुख्य रूप से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने तथा नालों पर अतिक्रमण एवं अन्य अवरोधों के कारण उत्पन्न होती है। इसके स्थायी समाधान के लिए बालसन चौराहे से लाउदर रोड होते हुए मेडिकल कॉलेज तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। इससे जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी और भविश्य में जलभराव की समस्या का प्रभावी समाधान हो सकेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देषित किया कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। साथ ही, इस वर्श वर्शा के दौरान उत्पन्न जलभराव की समस्या के वास्तविक कारणों का समुचित विष्लेशण करते हुए स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नालों पर हुए अतिक्रमण एवं जल निकासी में बाधा उत्पन्न करने वाले अन्य अवरोधों को चिह्नित कर नियमानुसार आवष्यक कार्रवाई करने के भी निर्देष दिए।

मंडलायुक्त ने अपने पूर्व में किए गए निरीक्षण के क्रम में आज मेडिकल कॉलेज चौराहे का पुनः निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वेंडर्स द्वारा अभी भी फुटपाथ को पूर्णतः अतिक्रमणमुक्त नहीं किया गया है, जिसके कारण पैदल चलने वाले लोगों को असुविधा हो रही है तथा यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देष दिए कि फुटपाथ को पूर्णतः अतिक्रमणमुक्त कराते हुए वेंडिंग गतिविधियों को सुव्यवस्थित एवं विनियमित करने के लिए एक समुचित कार्ययोजना तैयार की जाए। फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले वेंडर्स को वहां से हटाकर किसी उपयुक्त वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित रूप से षिफ्ट कराया जाए तथा निर्धारित वेंडिंग जोन में ही वेंडिंग गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

मंडलायुक्त डा लोकेष एम ने हनुमान मंदिर क्षेत्र एवं कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर में वर्शपर्यंत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम दर्षन को ध्यान में रखते हुए मंदिर कॉरिडोर एवं गर्भगृह के षेश कार्यों को माघ मेला–2027 तक पूर्णता की ओर ले जाते हुए सभी अवषेश कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराए जाएं।

वर्षा हाउस ओवरऑल चैम्पियन

अनुशासन के लिए लिपिका हाउस सर्वश्रेष्ठ घोषित

टैगोर पब्लिक स्कूल वार्षिक क्रीडा दिवस उद्यन सम्पन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। टैगोर पब्लिक स्कूल (टीपीएस) अतरसुईया, प्रयागराज के वार्शिक खेलकूद में 373 अंकों के साथ वर्शा हाउस ओवरआल चौम्पियन रहा जबकि 348 अंकों के साथ लिपिका हाउस द्वितीय तथा 326 अंकों के साथ चित्रा हाउस तष्तीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग सीनियर में काषवी षर्मा, तथा बालक वर्ग सीनियर में अनुराग यादव सर्वश्रेश्ठ खिलाड़ी घोशित किये गये।

इसके पूर्व वार्शिक क्रीडा दिवस के प्रथम सत्र का उद्घाटन सारस्वत खत्री पाठषाला के सचिव षोहित खन्ना एवं द्वितीय सत्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि आषुतोश साहू, सहायक कमाडेंट ने किया। विषिश्ट अतिथि परितोश द्विवेदी सहायक कमाडेंट थे। खेल दिवस का प्रारम्भ हेड ब्वाय प्रखर अग्रवाल, हेड गर्ल राधिका सेठ, स्पोर्ट कैप्टन मोहम्मद अब्दुल्ला और आराध्या केषरवानी सहित चारों हाउस के प्रमुखों ने मषाल जला कर किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने खेलों को पूरी निश्ठा एवं ईमानदारी से खेलने की षपथ ली।



मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में प्रत्येक छात्र ऊर्जा से भरपूर होता है तथा वह अपने लिए निर्धारित उद्देष्य को स्वयं को सक्रिय रख कर प्राप्त कर सकता है, जिसमें खेल–कूद की भूमिका प्रमुख होती है। अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों पर अनावष्यक रूप से विशयों को आरोपित न करें। उन्होनें षिक्षा के साथ–साथ बच्चों में संस्कार बढ़ाने पर विषेश बल दिया।

इस अवसर पर खेल–कूद से सम्बन्धित 100, 200 तथा 400 मीटर रेस का आयोजन किया गया। प्राथमिक कक्षा के बच्चों द्वारा ष्वाइब्रेन्ट स्प्रिट ऑफ गुजरात माध्यमिक कक्षा के बच्चो द्वारा ष्कान्फ्लुएंस ऑफ माइन्ड एण्ड मोषनष्, उच्च कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा योग षक्तिष् द्वारा स्वस्थ्य रहने का संदेष दिया। वरिश्ठ बालक वर्ग में रस्साकसी में षक्ति का अद्भुत परिचय दिया गया, जिसमें चित्रा हाउस ने लिपिका हाउस को बालक वर्ग में तथा बालिका वर्ग में लिपिका हाउस ने चित्रा हाउस को पराजित किया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र संघ के सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने उत्साह और जोष का प्रर्दषन किया।

अनुषासन के लिए लिपिका हाउस को सर्वश्रेश्ठ घोशित किया गया। इस अवसर पर सारस्वत खत्री पाठषाला सोसायटी के उपाध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण टण्डन, सचिव षोहित खन्ना, उप सचिव श्रीमती गौरंगना खन्ना टैगोर पब्लिक स्कूल अध्यक्ष आरके टण्डन, प्रबन्धक अमित खन्ना, प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना तिवारी, समिति के सदस्य सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। संचालन हसना जिया, षालिनी दुबे एवं सविता चौरसिया ने किया जबकि समापन पर क्रीडा अध्यापक विजय राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर आषीश कुमार, साधना मिश्रा, सौम्या सिंह एवं पूजा षर्मा की भूमिका सराहनीय रहीं।

लोकापुर हत्याकांड में न्याय की लड़ाई में साथ है खडे : अशफाक

ना अपराध कम हो रहा ना अपराधी पकडे जा रहे : मंजू मौर्या

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। (सोरांव)। लोकापुर गांव में विजय पटेल की हत्या के बाद इलाके में षोक और आक्रोष का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष अषफाक अहमद और फाफामऊ विस प्रभारी श्रीमती मंजू मौर्या पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस दुरूख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक उनकी आवाज उठाती रहेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अषफाक अहमद ने सोरांव एसडीएम और डीसीपी गंगानगर से फोन पर वार्ता कर घटना में षामिल आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकापुर में विजय पटेल की हत्या ने प्रदेष की कानून–व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सरकार को अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करने के साथ आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिष्चित करनी चाहिए। पीड़ित परिवार को केवल सांत्वना नहीं, बल्कि न्याय, सुरक्षा और उचित सहायता मिलनी चाहिए। इस मौके पर फाफामऊ विधानसभा (254) प्रभारी एवं प्रदेष महासचिव उत्तर प्रदेष कांग्रेस मंजू मौर्या ने कहा कि इस सरकार में ना तो अपराध कम हो रहा है और ना ही अपराधी पकडे जा रहे है। इस दौरान कांग्रेस जिला महासचिव षमषुल कमर, ओमप्रकाष पासी, वार रूम प्रभारी सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष मो. फारुक, मो. षमीम, अंसार अली सोनू, चंद्रबलि चौधरी, मो. वसीम, सुरेष पटेल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



डीसीपी यमुनानगर ने किया झांकरगढ़ थाने का आकस्मिक निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर मनीश कुमार षांडिल्य ने शनिवार को थाना षंकरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मेस, बंदी गृह एवं आवासीय भवनों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों को अद्यतन रखने, थाना परिसर में साफ–सफाई बनाए रखने तथा कानून–व्यवस्था को बेहतर रखने के संबंध में संबंधित पुलिसकर्मियों को आवष्यक दिषा–निर्देष दिए।



खागा डायग्नोस्टिक सेंटर में सीएमओ ने पकड़ी गड़बड़ी, नोटिस भी थमाया, फिर भी सेंटर पर सबकुछ पहले जैसा!

गजब... मृत डॉक्टर के नाम पर अल्ट्रासाउंड का खेल! नोटिस के बाद भी जारी सेंटर का संचालन, सोनोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर पर सवाल

सीएमओ के निरीक्षण में गैरमौजूद मिले पंजीकृत चिकित्सक, टेक्नीशियन कर रहा था अल्ट्रासाउंड



प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। खागा कस्बे में अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। टाउन एरिया रोड स्थित खागा डायग्नोस्टिक सेंटर में अनियमितताओं की शिकायत, सीएमओ के निरीक्षण और विभागीय नोटिस के बावजूद कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं है। हैरानी की बात यह है कि निरीक्षण के बाद भी सेंटर से लगातार सोनोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर वाली अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट जारी किए जाने की शिकायत सामने आ रही है। बताते चलें कि नया नगर खागा निवासी गजाधार सिंह ने सीएमओ को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि सेंटर का पंजीकरण डॉ. मनोज कुमार के नाम पर है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। इसके बावजूद उनके नाम और कथित हस्ताक्षरों के सहारे अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं। शिकायत में सेंटर संचालक मो. सरवर रजी उर्फ राजू खान की डिग्री पर भी सवाल उठाए गए थे। साथ ही सामने स्थित बेसमेंट में संचालित मंथन हॉस्पिटल को लेकर भी शिकायत की गई थी।

निरीक्षण में खुली अनियमितताओं की परत

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय की ओर से 12 नवंबर 2026 को किए गए निरीक्षण के संबंध में जारी नोटिस के अनुसार, दोपहर 1रू39 बजे पंजीकृत चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार सेंटर पर मौजूद नहीं मिले। उनकी गैरमौजूदगी में तकनीकी सहायक मरीजों का अल्ट्रासाउंड करता पाया गया। निरीक्षण में पीसीपीएनडीटी अधिनियम–1994 के प्रावधानों का उल्लंघन भी दर्ज किया गया। इस पर संचालक को 13 नवंबर तक चिकित्सक सहित उपस्थित होकर मूल अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। पंजीकरण निरस्त कराने के लिए पत्रावली भेजने की चेतावनी भी दी गई थी।

नोटिस के बाद भी रिपोर्ट जारी, विभाग की चुप्पी पर सवाल

एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बावजूद कार्रवाई की स्थिति सामने नहीं आई है। सवाल यह भी है कि जब निरीक्षण में चिकित्सक गैरमौजूद मिले तो अब जारी हो रही रिपोर्टों पर सोनोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर किस आधार पर हो रहे हैं? क्या चिकित्सक वास्तव में सेंटर पर उपस्थित रहते हैं या उनके नाम और हस्ताक्षरों का इस्तेमाल किया जा रहा है? स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्टों, हस्ताक्षरों, चिकित्सक की उपस्थिति और पंजीकरण का सत्यापन कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग उठ रही है।

क्या बोले जिम्मेदार

इस पूरे मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ यू बी सिंह ने बताया कि पत्रावली का निरीक्षण करके नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

एआई प्रशिक्षण के नवें बैच का समापन, प्रतिभागियों को मिले प्रमाण पत्र

साइबर सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और कला समेकित शिक्षा पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मंझनपुर के आडिटोरियम हाल में शनिवार को तीन दिवसीय एआई आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण के नवें बैच का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समापन समारोह वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप कुमार की अगुवाई में प्रशिक्षण प्रभारी सुरेश चन्द्र मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।



प्रशिक्षण के अंतिम दिन विशेषज्ञों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की। डायट प्रवक्ता राजेन्द्र भारतीय ने कला समेकित शिक्षा एवं भावनात्मक शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। डा. वंदना सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य में तकनीक की भूमिका को रेखांकित करते हुए इसके उपयोग की जानकारी दी। वहीं प्रशिक्षण प्रभारी सुरेश चन्द्र मिश्र ने साइबर सुरक्षा और नैतिकता के विभिन्न पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान एआई तकनीक के शैक्षिक उपयोग के साथ ही शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रचनात्मक और तकनीक आधारित बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डा. देवेश सिंह, डा. दिनेश यादव, डा. देवेन्द्र मिश्र, डा. प्रमोद कुमार सेठ और डा. संदीप तिवारी का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कांग्रेस नेता मनोज गुप्ता 'घायल' के निधन से शोक, पार्टी झंडे के साथ दी गई अंतिम विदाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज गुप्ता उर्फ घायल का शनिवार सुबह छह बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में पार्टी नेता और मित्र उनके आवास पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। दोपहर करीब तीन बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने पार्टी के झंडे के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधाकर अवस्थी, शिवाकांत तिवारी, पार्टी प्रवक्ता इंजीनियर डीपी दुबे, उपाध्यक्ष मणि प्रकाश दुबे और अरुण जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने उन्हें पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता बताते हुए उनके निधन को संगठन के लिए अपूरणीय क्षति बताया।



धड़ल्ले से हो रही हरे आम के पेड़ों की कटान, सरेआम लादकर ले जा रहे ठेकेदार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र में हरे पेड़ों की अवैध कटान एक बार फिर तेज हो गई है। शनिवार सुबह पूरे हुसैनी मुस्तफाबाद गांव के पास लकड़ी ठेकेदारों ने हरे आम के आधा दर्जन से अधिक विशाल पेड़ों को काट दिया। आधा दर्जन से अधिक मजदूरों ने महज एक घंटे में पेड़ों की कटान कर लकड़ी ट्रैक्टर–ट्रॉली पर लादकर उठा ले गए। हैरत की बात यह है कि सड़क से यूपी एक सौ बारह पुलिस की गाड़ियां गुजरती रहीं, लेकिन लकड़ी ठेकेदारों पर इसका कोई असर नहीं दिखा। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ समय पहले क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान पूरी तरह बंद हो गई थी, लेकिन अब दोबारा धड़ल्ले से कटाई शुरू हो गई है। इससे लकड़ी ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं। वन दरोगा रमेश मिश्रा ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

समाधान दिवस में आयी अठासी शिकायतें, सात का हुआ निस्तारण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लालगंज तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी वाचस्पति सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 88 शिकायतें आईं, जिनमें सात का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग की सत्ताईस, पुलिस विभाग की इक्कीस और विकास विभाग की सात शिकायतें प्राप्त हुईं। शेष शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित रहीं। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शिकायतों के निस्तारण में मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करने के साथ फरियादियों को राहत दिलाई जाए।

चार लाख के जेवर और डेढ़ लाख नकदी के साथ युवती लापता, मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। शादी की तैयारियों के बीच घर से युवती के लापता होने और नकदी व जेवर गायब होने पर मां ने तीन युवकों पर बेटी को बहला–फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर गांव निवासी एक पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के पवन पटेल पुत्र भारत, सुजीत व संजय वर्मा के साथ मिलकर उसकी बेटी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गए। युवती की शादी सत्ताईस नवंबर को तय थी। इक्कीस नवंबर को तिलक समारोह होना था। परिवार ने शादी के लिए करीब चार लाख रुपये के जेवर, डेढ़ लाख रुपये नकद और कपड़े रखे थे। बेटी की तलाश में आरोपियों के घर पहुंचने पर उन्होंने बताया कि युवती को उनका भाई ले गया है और अब शादी रद्द कर दो। घर लौटने पर बैग से जेवर और नकदी गायब मिली। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

देश की संप्रभुता की रक्षा करने में भी अक्षम है मोदी सरकार : प्रमोद तिवारी

राजस्थान पंचायत चुनाव में कांग्रेस की भारी जीत को बताया भाजपा की उल्टी गिनती की शुरुआत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता एवं कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की कमजोर इच्छाशक्ति और अस्पष्ट विदेश नीति के कारण देश की संप्रभुता पर खतरा मंडरा रहा है। शनिवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर जनसंवाद कार्यक्रमों में उन्होंने कहा कि चीन लगातार अरुणाचल प्रदेश के नक्शे के साथ छेड़छाड़ कर रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान इसका विरोध तक नहीं दर्ज करा सके। उन्होंने एससीओ के नाम पर पाकिस्तानी मंत्री की मेजबानी को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि देश पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हत्या और पाकिस्तान के भारत विरोधी बयानों को नहीं भूला है। तिवारी ने आरोप लगाया कि आर्थिक बदहाली, महंगाई और किसानों की समस्याओं पर भी केंद्र सरकार विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि किसान खाद–बीज के लिए भटक रहे हैं और जरूरी वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

प्रमोद तिवारी ने राजस्थान पंचायत चुनाव में कांग्रेस की भारी जीत को भाजपा के लिए खतरे की घंटी बताते हुए इसे उसकी उल्टी गिनती की शुरुआत करार दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की ढाई साल की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से परेशान ग्रामीण जनता ने भाजपा को नकार दिया है। इसका असर उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के पक्ष में दिखाई देगा। दौरे के दौरान उन्होंने रामपुर बावली, जांगरा, लालगंज, अमावां, उदयपुर, सांगीपुर सहित कई गांवों में लोगों से मुलाकात की। इससे पहले सराय संग्राम सिंह टोल प्लाजा के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में क्षेत्रीय विकास योजनाओं में सहयोग जारी रखने की अपील की। इस अवसर पर भगवती प्रसाद तिवारी, अशोक सिंह, संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रोहित सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जल निगम की मोटर जली, तीन सप्ताह से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

संग्रामगढ़ बाजार और गांव में पेयजल संकट गहराया, हर दो-तीन महीने में खराब हो जाती है पानी की मोटर'

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। स्थानीय बाजार एवं आसपास के गांवों में जल निगम की पानी टंकी में लगी मोटर जल जाने से पेयजल संकट गहरा गया है। पिछले करीब तीन सप्ताह से ग्रामीणों और बाजार के उपभोक्ताओं को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी की आपूर्ति ठप होने से लोगों को पीने, नहाने और घरेलू कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय व्यापारियों को भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि संग्रामगढ़ बाजार और आसपास के गांवों में पेयजल का एकमात्र प्रमुख सहारा जल निगम की पानी टंकी है। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते मोटर खराब होने पर महीनों तक पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हो पाती। लोगों का आरोप है कि पानी टंकी में लगी मोटर हर दो–तीन महीने में खराब हो जाती है, लेकिन उसे ठीक कराने के लिए समय से मैकेनिक तक उपलब्ध नहीं कराया जाता।

ऑपरेटर अतुल पांडेय से इस संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन वह स्पष्ट जवाब देने से कतराते नजर आए। ऐसे में ग्रामीणों को यह भी जानकारी नहीं मिल पा रही है कि आखिर पानी की आपूर्ति कब तक बहाल होगी।

एक तरफ सरकार हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का संकल्प लेकर जल ही जीवन है का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी तरफ संग्रामगढ़ में जल निगम की व्यवस्था की बदहाली के चलते लोग बूंद–बूंद पानी के लिए परेशान हैं। स्थानीय बाजार के व्यापारियों, किसानों एवं ग्रामीणों ने शासन–प्रशासन से मांग की है कि जली हुई मोटर को तत्काल बदलवाकर पानी की आपूर्ति बहाल कराई जाए, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके और रोजमर्रा की समस्याओं से निजात मिल सके।



स्वस्थ मिट्टी से ही स्वस्थ फसल, गुणवत्तायुक्त उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि संभव : डा.मनोज कुमार सिंह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। खेतों की उर्वरता बनाए रखने, मृदा स्वास्थ्य में सुधार लाने और खेती को टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने के उद्देश्य से संचालित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विकासखंड मंझनपुर के ग्राम यूसुफपुर, ओसा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, कौशांबी एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को मृदा संरक्षण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा भूमि की उर्वरता बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, कौशांबी के मृदा वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मिट्टी किसान की सबसे बड़ी पूंजी है,लगातार असंतुलित रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग और फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता प्रभावित होती है। उन्होंने किसानों को मृदा में जीवांश कार्बन एवं जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ाने के लिए वर्मी कम्पोस्ट, गोबर की सड़ी खाद, हरी खाद, फसल अवशेष प्रबंधन तथा जैव उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी,उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान को मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। स्वस्थ मिट्टी से ही स्वस्थ फसल, गुणवत्तायुक्त उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि संभव है।कृषि विभाग के एसएमएस नीरज तिवारी ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, मृदा संरक्षण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर खेती की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने के साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा सकता है।

बाल विवाह, बाल श्रम और पॉक्सो एक्ट के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पीसीपी इंटर कॉलेज, हुसैनगंज में शनिवार को बाल विवाह, बाल श्रम एवं पॉक्सो एक्ट के प्रति छात्र–छात्राओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेहरू युवा संगठन टीसी, फावा, वात्सल्य एवं ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों और उनके संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस दौरान बाल विवाह विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके उन्मूलन का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद साहू एवं रामकृष्ण पांडेय ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम और बाल संरक्षण संबंधी कानूनों की जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक राजप्रिय पांडेय ने बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह और बाल श्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधक हैं। बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. इंद्रपाल, शिक्षकगण, ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान के जिला समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार और सुधांशु सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

52 मेधावी छात्राओं को मिला पद्मिनी श्रीवास्तव मेधा सम्मान

11 बालिकाओं की शिक्षा की उठाई जिम्मेदारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। स्मृतिशेष शिक्षाविद पद्मिनी श्रीवास्तव की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को श्री निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज में मेधा अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजन में उनके पुत्र डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 52 छात्राओं को प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं को शाल और मोतियों की माला भेंटकर सम्मानित किया गया। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी मां पद्मिनी श्रीवास्तव ने विद्यालय में संस्कृत प्रवक्ता के रूप में 41 वर्षों तक सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम हमेशा शत–प्रतिशत रहा। उन्होंने घोषणा की कि मां की स्मृति में प्रतिवर्ष मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 11 आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी उठाई जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षिकाएं एवं वर्षा श्रीवास्तव, दीपिका श्रीवास्तव, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, सुरेश और अभिनव श्रीवास्तव मौजूद रहे।



डीएम ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान का किया औचक निरीक्षण, पात्रों के नाम जोड़ने के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खागा फतेहपुर। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2027 के तहत शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने खागा के शुकदेव इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 45 से 49 और जनहितकारी इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 25 से 29 का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से मतदाता सत्यापन, स्थानांतरित व अनुपस्थित मतदाताओं तथा नए नाम जोड़ने के लिए भरे गए फॉर्म–6 की प्रगति जानी। डीएम ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। घर–घर सत्यापन की स्थिति रजिस्टर में दर्ज करने और ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों को समय से ऑनलाइन फीड कराने को कहा। उन्होंने मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी और शौचालय जैसी सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। बताया कि आगामी 22 और 28 नवंबर को जिले के सभी 2318 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान चलेगा।

कॉलेज परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला भूगोल के अध्यापक का शव, मचा हड़कंप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अंबेडकरनगर। टांडा क्षेत्र के ग्राम मसड़ा स्थित मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज परिसर में भूगोल के अध्यापक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। मौके पर जांच–पड़ताल के दौरान मृतक की पहचान सुशील मौर्य (45) पुत्र चंद्रभान मौर्य, निवासी ग्राम तेतरिया, थाना जहांगीरगंज, जनपद अंबेडकरनगर के रूप में हुई। बताया जाता है कि वह मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज में भूगोल विषय के अध्यापक थे और कॉलेज परिसर स्थित आवास में रहते थे। कॉलेज परिसर में शिक्षक का शव मिलने से क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या वजह रही, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। प्रभारी निरीक्षक टांडा दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री की मां के निधन पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का मौन रखा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूज्य माता के दुखद निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया।



शनिवार को मुकेरी बाजार स्थित डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा के नेतृत्व में मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री की माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यकर्ताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष दीपा ऊमर, सचिन जायसवाल, अजय रंजक, रूपेश यादव, नगर मंत्री राहुल चंद्र जैन, पुनीत मिश्र, अमरेश सोनकर, सुमन यादव, राकेश सोनी, संजय जायसवाल, पूर्व सभासद कटराबाजीराव, आनंद किशोर, रितेश, शिव शंकर जायसवाल, प्रिंस केशरी, राहुल सोनकर, मनोज केशरी, सुरेश चंद्र जायसवाल, जितेंद्र कुमार शर्मा, लल्ला अग्रहरी, रिकू शर्मा, राहुल सोनी, राहुल गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीडीओ ने बाणसागर परियोजना और प्राथमिक विद्यालय चांदलेवा का किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड चुनार, अधिशासी अभियंता बाढ़ सागर, उप कृषि निदेशक के साथ मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह द्वारा बाढ़ सागर परियोजना का निरीक्षण



किया गया। विकासखंड पहाड़ी के क्षेत्रीय किसानों द्वारा बताया गया कि इस नहर में पानी बर्तमान में ढेकवा डैम से आता है जल जीवन मिशन परियोजना के कारण इस नहर में पानी कम आता है। साथ ही मांग किया गया कि ढेकवा दायी नहर एवं ढेकवा बाई नहर में बाणसागर नहर से पानी उपलब्ध कराया जाए जिससे रवी सीजन में सिचाई हेतु पानी प्राप्त हो सके । मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता बाणसागर तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड चुनार मिलकर इसकी परियोजना तैयार करें एवं शासन को उपलब्ध कराये, जिससे कि यहां के छेत्रीय किसानों को इसका लाभ मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय चांदलेवा, विकासखंड पहाड़ी का भी निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय मौके पर सभी अध्यापक उपस्थित पाए गए परंतु बच्चों की संख्या कम पाई गई जिस पर निर्देशित किया गया कि बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराया जाए साथ ही निर्देशित किया गया कि जनगणना के कार्य को समय से पूर्ण कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय माधोसिंह घोसिया का किया औचक निरीक्षण, बच्चों से जाना पढ़ाई और मिड-डे मील का हाल

बच्चों से संवाद कर जिलाधिकारी ने परखी शैक्षणिक गुणवत्ता, मध्याह्न भोजन की भी ली जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने शनिवार को कंपोजिट विद्यालय माधोसिंह घोसिया का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों को दी जा रही शिक्षा, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता तथा मध्याह्न भोजन (मिड–डे मील) की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने विद्यालय पहुंचकर विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा छात्र–छात्राओं से आत्मीयता के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों से पूछा कि विद्यालय में उन्हें कौन–कौन सी पुस्तकें पढ़ाई जा रही हैं, कक्षा में किस विषय की पढ़ाई हो रही है तथा शिक्षक किस प्रकार उन्हें पढ़ाते हैं।

शाहिद अनवर और सुनील कुमार गुप्ता दोनों पोर्टल आईडी पर सामाचार लगा दीजिएगा भाई

शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधा दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 86 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 06 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अधिकारी पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व व पैमाइश के मामले में उप जिलाधिकारीगण राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित करते हुए मौके पर भेजकर दोनो पक्षों की उपस्थिति में शिकायत को सुनते हुए पीड़ित फरियादी को न्याय दिलाए।



उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना के तहत जो भी पानी की आपूर्ति की जा रही है बेहतर ढंग कराना सुनिश्चित करें। जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों नियमानुसार निस्तारण कराएं।

अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, समाज कल्याण के द्वारा अत्यधिक असंतुष्ट फीडबैंक अधिक होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि शासन स्तर से सीधे शिकायतकर्ता से वार्ता कर फीडबैक लिया जा रहा है अतएव सभी अधिकारी 30 नवम्बर 2026 सभी शिकायतकर्ता से वार्ता कर निस्तारण कराएं। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी व ए0आर0 कोआपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि खाद वितरण व धान क्रय केन्द्रों पर नियमित खरीद की जाए यदि किसानों द्वारा शिकायत की जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने उप जिलाधिकारी मड़िहान को निर्देशित किया कि वे स्वंय धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करे तथा आ रही बाधाओं का निराकरण कराएं। सिंचाई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि नहरों की सिल्ट सफाई बेहतर ढंग से कराएं एवं टेल तक पानी पहुंचाए इसके में किसी प्रकार लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में नहर सफाई व टेल पहुंचाने के सम्बंध में निरीक्षण कर यदि कोई समस्या आती है तो उसका निस्तारण कराएं।

इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में तहसील सदर में मुख्य राजस्व अधिकारी विजेता के समक्ष प्राप्त 92 प्रार्थना पत्रों में 06 का निस्तारण, तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संगम लाल के समक्ष प्राप्त 66 प्रार्थना पत्रों में 05 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में उप जिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार के समक्ष प्राप्त 46 प्रार्थना पत्रों में 03 का निस्तारण किया गया।

तहसील मड़िहान में उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, मुख्य चिकित्साधिकारी कीर्ति कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी मड़िहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

तहसील दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील प्रांगण में बनाए गए ई0वी0एम0 प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत ई0वी0एम0 प्रदर्शन केन्द्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदाता को ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया सरल भाषा में समझाई जाए।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं में ईवीएम को लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं रहना चाहिए। इस दौरान वीवीपैट से पर्ची मिलने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन कराया गया। केंद्र पर आने वाले लोगों ने ईवीएम से मतदान करके प्रक्रिया को समझा। जिलाधिकारी ने सभी कर्मियों को ड्यूटी पर सतर्क व सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

बार एसोसिएशन सभागार, मीरजापुर में Payment Setu App के प्रचार-प्रसार हेतु विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन एवं जनपद न्यायाधीश ध अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर के मार्गदर्शन में आज बार एसोसिएशन सभागार, मीरजापुर में च्लउमदज मजन ।चच के प्रचार–प्रसार एवं इसकी उपयोगिता के प्रति अधिवक्ताओं तथा आमजन को जागरूक करने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। शिविर में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार गौतम, अपर जनपद न्यायाधीश–6 आसिफ इकबाल रिजवी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर आनंद कुमार– ।। तथा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभयराज सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

शिविर में Payment Setu App की उपयोगिता, कार्यप्रणाली एवं इसके माध्यम से न्यायालयों में लंबित वादों के आपसी सुलह–समझौते के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं एवं आमजन से विशेष अपील की गई कि वे च्लउमदज मजन ।चच के संबंध में अधिकाधिक लोगों को जागरूक करें तथा अपने लंबित वादों के आपसी सुलह–समझौते से निस्तारण हेतु इस डिजिटल सुविधा का लाभ उठाएं। आमजन से यह भी आग्रह किया गया कि वे लोक अदालत एवं मध्यस्थता जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान माध्यमों को अपनाकर समय एवं धन की बचत करते हुए विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त करने की पहल वरें।



कार्यक्रम के माध्यम से डिजिटल न्यायिक सुविधाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार तथा आमजन को सुलभ, त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

क्षेत्रीय महामंत्री काशी महिला मोर्चा आभा सिंह पटेल का भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बरौधा कचार के सभागार कक्ष में क्षेत्रीय महामंत्री काशी क्षेत्र आभा सिंह पटेल का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम क्षेत्रीय महामंत्री आभा सिंह पटेल ने सरदार पटेल चौक पहुँचकर सरदार पटेल जी के प्रतीमा पर माल्यार्पण कर किया । महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती जाह्नवी कसेरा के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर क्षेत्रीय महामंत्री जी का जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान पूरा जिला कार्यालय भारत माता की जय, भाजपा जिन्दाबाद, नारी शक्ति जिन्दाबाद के नारों से गूंज उठा । स्वागत कार्यक्रम के उपरान्त जिला कार्यालय पर महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जाह्नवी कसेरा ने की । बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री श्रीमती आभा सिंह पटेल ने महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारियों से एक–एक करके परिचय प्राप्त किया एवं साथ में अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया और संगठन की कार्ययोजना पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया । अंत में जिलाध्यक्ष जाह्नवी कसेरा ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री महिला मोर्चा सोनम चतुर्वेदी ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभा विस्तारक महिला मोर्चा प्रभा दूबे, सरस्वती वर्मा, सत्यलता मिरी, सुरेखा दिगम्बर लुंगा, वीणा वर्मा, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा बीना सिंह, जिला महामंत्री भावना बरनवाल, गीता यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा उमा जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शिव कुमारी राय, श्वेता सिंह, अनिता पटेल, ऋतु केसरी, रेखा सिंह, संजू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने दिया।

डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय)। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, साफ–सफाई, बंदियों के रहने की व्यवस्था तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा बंदियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुरुष महिला बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों के रहने, पेयजल, भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कारागार में निरुद्ध बंदियों के मानवाधिकारों एवं मूलभूत आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कारागार परिसर में नियमित साफ–सफाई कराने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा संबंधी सभी प्रबंधों को प्रभावी बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कारागार में सुरक्षा उपकरणों, निगरानी व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा मानकों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कारागार की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



जिलाधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान शुरू किया, ज्ञानपुर में 22 से 30 नवंबर तक 2,72,022 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बीआरसी ज्ञानपुर से हरी झंडी दिखाकर सघन पल्स पोलियो अभियान शुरू किया। जनपद में 22 से 30 नवंबर तक शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को हर अभियान में पोलियो की खुराक जरूर पिलाएं। उन्होंने कहा कि पहले खुराक ले चुके बच्चों को भी इस अभियान में खुराक दिलाना जरूरी है। कोई बच्चा खुराक से छूटना नहीं चाहिए। अभियान में 2,72,022 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 633 पोलियो बूथ बनाए गए हैं और 457 टीमों को जिम्मेदारी दी गई है। नौ दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर बूथ पर खुराक लेने से छूटे बच्चों को ड्रॉप पिलाएंगी। ट्रांजिट और मोबाइल टीमें रोडवेज, रेलवे स्टेशन, ईंट–भट्ठों, टेंपो स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर बच्चों को खुराक देंगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ओ.पी. शुक्ला ने बताया कि अभियान के लिए अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों और सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वे अपने क्षेत्रों में अभियान की निगरानी करेंगे और पोलियो टीमों को मदद देंगे। उन्होंने बताया कि तीनों जिला चिकित्सालयों, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पोलियो वैक्सीन उपलब्ध करा दी गई है। हर केंद्र पर स्वास्थ्यकर्मियों के साथ वरिष्ठ स्टाफ भी तैनात किया गया है। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, डब्ल्यूएचओ और यूनेस्को की टीम के सदस्य, संबंधित अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, आशा, एएनएम और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



भदोही में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा की जानकारी दी, मिशन शक्ति अभियान के तहत कानूनी अधिकार, सरकारी योजनाएं और हेल्पलाइन नंबर बताए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही जिले में मिशन शक्ति अभियान (फेज 6.0) के तहत महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में टीमों ने बाजारों, स्कूल–कॉलेजों के आसपास की कोचिंग और लाइब्रेरी संस्थाओं के साथ भीड़भाड़ वाली सार्वजनिक जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से बात की। उन्हें छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से सतर्क रहने और बचाव के उपाय बताए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

मां की अंतिम विदाई में भावुक हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्थिव शरीर को कंधा देते समय छलक पड़े आंसू

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में, अपनी मां सावित्री देवी के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। सावित्री देवी का कल 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। मुख्यमंत्री योगी ने अपनी मां की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वे भावुक भी नजर आए। सावित्री देवी का शुक्रवार सुबह निधन हो गया था, जिसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त श्रद्धांजलि संदेश साझा किया। एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में योगी आदित्यनाथ ने लिखा, मां... ओम शांति। उनके निधन के बाद पंचूर और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। इससे पहले, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सावित्री देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने व्यक्तिगत क्षति के बावजूद अपने सार्वजनिक कर्तव्यों का निर्वहन जारी रखने के लिए योगी आदित्यनाथ की सराहना की। ध ामी ने पत्रकारों से कहा, यह अत्यंत दुखद समाचार है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी अब हमारे बीच नहीं रहीं।

हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। योगी जी जिस तरह समाज की सेवा में लगे हुए हैं, वह एक पुत्र के रूप में उनके समर्पण को दर्शाता है। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।ध इस बीच, समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान ने भी मुख्यमंत्री योगी के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, ष्हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं, और हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उन्हें धैर्य प्रदान करें। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति व मोक्ष के लिए प्रार्थना की। उन्होंने सावित्री देवी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने एक ऐसे पुत्र को जन्म दिया, जो कई बार सांसद बना और दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि एक मां का स्नेह और आशीर्वाद, अपने बच्चों को दिए गए संस्कारों के रूप में हमेशा जीवित रहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी से बात की और उनकी माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। वहीं, श्महिला मोर्चा प्रदेश प्रवासश बैठक में सावित्री देवी को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, राज्य भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ, बैठक में मौजूद थे।



स्वच्छता और सही दवा उपयोग से ही एएमआर पर रोक सम्भव

लखनऊ (संवाददाता)। एंटीबायोटिक का अनावश्यक एवं अनियमित उपयोग, संक्रमण की रोकथाम में लापरवाही और दवाओं के प्रति जागरूकता का अभाव आज वैश्विक स्वास्थ्य के सामने गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। यदि अभी से सावधानी नहीं बरती गई तो भविष्य में सामान्य संक्रमण, छोटी सर्जरी, मामूली चोट और सामान्य बीमारियों का उपचार भी अत्यंत कठिन हो सकता है। एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस एएमआर केवल चिकित्सा जगत की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। इसके नियंत्रण के लिए स्वच्छता, संक्रमण की रोकथाम, टीकाकरण तथा एंटीमाइक्रोबियल औषधियों के विवेकपूर्ण उपयोग को जन–आंदोलन बनाना आवश्यक है।यह विचार स्टेट फार्मेसी काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन एवं फार्मासिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने नेशनल फार्मेसी वीक 2026 के अवसर पर टीआरसी महाविद्यालय में आयोजित उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।उन्होंने बताया कि 15 से 21 नवंबर तक मनाए जा रहे 65वें नेशनल फार्मेसी वीक का आयोजन फार्मेसी क्षेत्र की भूमिका को जनस्वास्थ्य से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस वर्ष भारतीय फार्मास्युटिकल एसोसिएशन की थीम " इम्पावरिंग फार्मासिस्ट्स फॉर हेल्दीयर फ्यूचर" है, जबकि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने इसके व्यापक अभियान को "स्वस्थ भारतरूकमबेटिंग एंटी माइक्रो बाइल रेजिस्टेंस एएमआर" से जोड़ा है।सुनील यादव ने कहा कि एएमआर वह स्थिति है जब बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और परजीवी जैसे सूक्ष्मजीवों में बदलाव होने के कारण उन पर प्रभावी रहने वाली दवाएं अपना असर खोने लगती हैं। इसके परिणामस्वरूप संक्रमण का उपचार कठिन, लंबा और महंगा हो सकता है तथा गंभीर मामलों में मृत्यु का खतरा भी बढ़ जाता है।

यूपी स्पेशल टीईटी 2026: रिजल्ट 17 दिन में जारी, 59 फीसदी अभ्यर्थी फेल

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और स्पेशल एजुकेटर के लिए हुई स्पेशल टीईटी 2026 का परिणाम उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने 20 नवंबर की देर रात परीक्षा का रिजल्ट जारी किया। परीक्षा में 93,681 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें 38,902 उम्मीदवार सफल हुए और 54,779 अभ्यर्थी असफल रहे हैं। करीब 59 फीसदी अभ्यर्थी फेल हुए हैं।आयोग ने परीक्षा परिणाम के साथ सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र भी जारी कर दिए हैं, जिन्हें ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है।उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार और उपसचिव डॉ. संजय कुमार सिंह की ओर से परीक्षा परिणाम रिकॉर्ड समय में जारी किया गया है। स्पेशल टीईटी 2026 की परीक्षा 3 नवंबर को प्रदेश के छह मंडल मुख्यालयों प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ और आगरा में दो पालियों में हुई थी। 5 नवंबर को प्रोविजनल आंसर–की जारी की गई और 12 नवंबर तक अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांगी गई थीं।कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों के लिए प्राथमिक स्तर की परीक्षा में कुल 50,666 अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें 15,159 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए, जबकि 35,507 अभ्यर्थी परीक्षा में असफल रहे। कक्षा 6 से 8 तक के लिए उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा में कुल 43,015 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसमें 23,743 अभ्यर्थी सफल हुए जबकि 19,272 उम्मीदवारों को असफल घोषित किया गया है।स्पेशल टीईटी के साथ आयोग ने अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों और महिला महाविद्यालयों में प्राचार्य भर्ती का अंतिम परिणाम भी घोषित कर दिया है।अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार के अनुसार इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में लंबित विशेष अपील पर 20 नवंबर को पारित आदेश के अनुपालन में एक पद को रोकते हुए 110 चयनित अभ्यर्थियों का अंतिम परिणाम जारी किया गया है।

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में 18वां दीक्षांत समारोह,6,300 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री,295 को मेडल

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी के इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में शनिवार को 18वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें अलग–अलग कोर्स के 6,300 स्टूडेंट्स को डिग्री और डिप्लोमा दिए गए। वहीं, बेहतर प्रदर्शन करने वाले 295 मेधावियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयशा कुद्दुस को यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल मिला। एग्रीकल्चर की प्रज्ञा को पहला फैकल्टी गोल्ड मेडल दिया गया। आर्किटेक्चर की काजल तिवारी को भी गोल्ड मेडल मिला। विदेशी स्टूडेंट्स ने भी गोल्ड मेडल हासिल किया। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. दिनेश सिंह रहे। वह केआर मंगलम विश्वविद्यालय के चांसलर, जम्मू–कश्मीर राज्य उच्च शिक्षा परिषद के वाइस चेयरमैन और दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चांसलर और संस्थापक प्रो. सैयद वसीम अख्तर ने की।

बीजेपी की वर्कर्स फर्स्ट रणनीति, कार्यकर्ताओं की सुनी जायेगी बात

योगी का कदम जमीनी कार्यकर्ताओं में भरेगा जोश

लखनऊ (संवाददाता)। असेम्बली इलेक्शन से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ बीजेपी कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर कर रहे हैं। उन्होंने सार्वजनिक मंच से पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि थानों में बीजेपी कार्यकर्ताओं को सम्मानपूर्वक बिठाकर उनकी बात सुनी जाए। बीजेपी की कार्यकर्ता सर्वोपरि रणनीति चर्चा में आ गई है। मकसद कार्यकर्ताओं की चिंता दूर करना और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में नया जोश भरना है। दिसंबर से गृह मंत्री अमित शाम यूपी चुनाव के लिए प्रचार अभियान शुरू करने वाले हैं।पार्टी कार्यकर्ता अभियान के मुख्य केंद्र में होंगे।बताते हैं कि शाह जिला स्तर पर बैठकें कर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से जुड़ेंगे। इस कवायद में जमीनी स्तर पर बीजेपी और आरएसएस के संगठनात्मक ढांचे के बीच तालमेल देखने को मिलेगा।बीजेपी की कार्यकर्ता सर्वोपरि वाली नीति की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि क्या जमीनी स्तर के कार्यकर्ता खुद को सशक्त महसूस करते हैं। क्या उनकी शिकायतों पर समय रहते ध्यान दिया जाता है और क्या सरकार उन लोगों के लिए सुलभ बनी रहती है जो पार्टी की संगठनात्मक रीढ़ हैं। चुनाव जीतने के लिए केवल बड़े नेताओं की लोकप्रियता और सरकार की योजनाएं पर्याप्त नहीं। बूथ लेबल कार्यकर्ता पार्टी की चुनावी रणनीति को जमीन पर उतारते हैं। अब बीजेपी का फोकस कार्यकर्ताओं की शिकायतों और उनकी अपेक्षाओं को प्राथमिकता देने पर है। पार्टी के भीतर महसूस किया जा रहा है कि सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल के बिना चुनावी लक्ष्य हासिल करना मुश्किल है। कार्यकर्ताओं को सम्मान और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान मिलने से संगठन में नई ऊर्जा आ सकती है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की विशेषता बताते हुए बीजेपी की तुलना परिवारवाद पर आधारित राजनीतिक दलों से की थी। उन्होंने कहा था कि बीजेपी में सामान्य कार्यकर्ता भी मेहनत और क्षमता के दम पर जिला स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकता है।2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बीजेपी का अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नही था। इसके बाद से पार्टी रणनीति में बदलाव कर रही है। कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता के साथ जनसंपर्क अभियान बढ़ाने और सामाजिक वर्गों के साथ संवाद मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यकर्ताओं को न केवल चुनावी जिम्मेदारियां देना जरूरी है बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना और उचित सम्मान जरूरी है। श्कार्यकर्ता सर्वोपरिश रणनीति का असल जवाब आगामी चुनाव में मिलेगा। सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल और प्रशासनिक स्तर पर सम्मान, समस्याओं पर कार्रवाई होती है तो बीजेपी को चुनावी फायदा हो सकता है। योगी और शाह समाधान और सम्मान दोनों दिलाने में माहिर माने जाते हैं।



कांग्रेस सहारनपुर से करेगी चुनावी शंखवनाद!

राहुल गांधी के सामने पुराना वोट बैंक जोड़ना चुनौती

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी में होने वाले असेम्बली इलेक्शन की तैयारियों को गति देने के लिए कांग्रेस की शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को मैदान में उतारने की रणनीति है। कांग्रेस नेताओं के साथ हुई बैठक में राहुल गांधी के इस पर चिंता जताए जाने के बाद कि भाजपा औरसमाजवादी पार्टी ने प्रचार अभियान शुरू कर दिया है, कांग्रेस अभी पीछे है, पार्टी ने दिसंबर से राज्यव्यापी रैलियों का कार्यक्रम तय किया है। राहुल गांधी 10 दिसंबर के आसपास सहारनपुर से जनसभा को संबोधित कर चुनावी अभियान का आगाज कर सकते हैं, जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे के भी शामिल होने की संभावना है। रैली की मुख्य थीम श्संविधान बचाओश होगी। 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे लखनऊ में श्संविधान रक्षा मार्चश में हिस्सा लेंगे। इस दिन पार्टी की मतदाता सूची अनियमितताओं याश्वोट चोरीश के विरोध में और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन की योजना है। सहारनपुर से शुरुआत कर राहुल गांधी पूरे उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन रैलियों को संबोधित करेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी भी शामिल है। वाराणसी दौरे के दौरान राहुल गांधी बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे और सहारनपुर में मां शाकंभरी देवी मंदिर जा सकते हैं। अयोध्या में राम मंदिर दर्शन को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर को चुनने के पीछे पार्टी का स्पष्ट सामाजिक और राजनीतिक गणित मानी जा रही है। सहारनपुर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है और यहां के सांसद इमरान मसूद को यूपी कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी यहां जनसभा कर चुके है। उनके सहयोगी व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद सहारनपुर से ही आते हैं, इसलिए कांग्रेस रैली के माध्यम से मुस्लिम, दलित मतदाताओं को आजाद–ओवैसी गठबंधन की ओर जाने से रोकने का प्रयास कर रही है। अपने पारंपरिक दलित और ब्राह्मण वोट बैंक को फिर से जोड़ने के उद्देश्य से कांग्रेस ने दलित समाज से आने वाले राजेंद्र पाल गौतम को प्रदेश प्रभारी और ब्राह्मण समाज से आने वाली आराधना मिश्रा श्मोनाश को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस समाजवादी पार्टी के साथ सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने में जुटी है। 16 नवंबर को सोनिया की आत्मकथा के विमोचन कार्यक्रम में राहुल गांधी और अखिलेश के बीच शुरुआती चर्चा के बाद अब 23 और 24 नवंबर को दिल्ली में दोनों दलों की समन्वय समितियों की बैठक होगी। इसमें कांग्रेस का नेतृत्व प्रियंका गांधी वाड्रा और सपा का नेतृत्व प्रो. रामगोपाल यादव करेंगे। सूत्रों की माने तो समाजवादी पार्टी 60 से 70 सीटों के प्रस्ताव से बातचीत शुरू कर सकती है और कांग्रेस को लगभग 100 सीटें मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस का तर्क है कि सम्मानजनक सीटें मिलने से उसके पारंपरिक ब्राह्मण और दलित मतदाताओं में गठबंधन के प्रति विश्वास बढ़ेगा।टिकट वितरण के लिए पार्टी ने अजय माकन की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर दिया है। सीट बंटवारे के बाद लोकसभा चुनाव की तर्ज पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव की संयुक्त रैलियां होंगी, प्रियंका गांधी भी प्रमुख भूमिका में होंगी।

सिक्योरिटी एजेंसी संचालक ने गार्डों को बंधक बनाया, चार गिरफ्तार

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी के महानगर स्थित गीता कुंज सोसाइटी से सिक्योरिटी गार्ड का अपहरण करने वाले सिक्योरिटी एजेंसी संचालक समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने तीन सुरक्षा गार्डों को अलग–अलग जगहों से अगवा कर जानकीपुरम में बंधक बना लिया था। पुलिस ने छापेमारी कर तीनों को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अपनी एजेंसी में पहले काम कर चुके तेज बहादुर और पूर्व सुपरवाइजर प्रवीण कुमार की तलाश कर रहे थे। दोनों से बकाया रकम को लेकर विवाद हुआ था। इसी संबंध में जानकारी जुटाने के लिए आरोपियों ने तीन गार्डों को अगवा किया। उनसे जानकारी नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मदद से आरोपियों की पहचान की।

संक्षिप्त

वैन की कार से टक्कर में ड्राइवर और 8 साल की बच्ची की मौत,5 घायल

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में शनिवार रात करीब 1 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। मलिहाबाद के पुरवा गांव के पास वैन और होंडा सिटी की आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में वैन चालक और 8 साल की बच्ची की मौत हो गई। पांच लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद होंडा सिटी का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, मारुति ओमिनी वैन में सवार लोग रहीमाबाद के दौलतपुर गांव से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। वहां खंजन लाल की बेटी शैलेंद्री की शादी थी। वैन सवार उन्नाव के हसनगंज क्षेत्र स्थित कुईयां मदारपुर गांव जा रहे थे। इसी दौरान पुरवा गांव के पास सामने से आ रही होंडा सिटी से उनकी वैन की टक्कर हो गई। हादसे में वैन चालक रामजी उर्फ अमित कुमार (20) पुत्र देशराज निवासी ऊंचा द्वार, हसनगंज, उन्नाव और प्रिया (8) पुत्री सर्वेश निवासी लुधई, रहीमाबाद की मौत हो गई। प्रिया कक्षा पांच की छात्रा थी। वह बीते तीन दिनों से अपने ननिहाल कुईयां मदारपुर, हसनगंज में मां के साथ रह रही थी। वहीं से शादी समारोह में शामिल होने आई थी। हादसे में प्रिया की मां दयावती (30), आशिक (16), सरोज कुमारी (30), आनंद और दीपांशी (17) घायल हो गए। दयावती की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर मलिहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी मलिहाबाद पहुंचाया गया। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेजे गए हैं। हादसे के बाद होंडा सिटी का चालक कार छोड़कर भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के संबंध ा में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बीमारी से परेशान एक बुजुर्ग ने छत से कूदकर की आत्महत्या

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में शनिवार दोपहर दमा की बीमारी से परेशान एक बुजुर्ग ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। वह लंबे समय से बीमारी के चलते परेशान रहते थे। प्रदीप ने शादी नहीं की थी। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर में ही मौजूद थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना पारा इलाके की है। मुरादाबाद निवासी प्रदीप भटनागर (अविवाहित) अपने भांजे कृष्ण मोहन श्रीवास्तव के साथ रहते थे। दोनों बाबू बलखंडी प्रधान मार्ग स्थित नव मानक नगर कॉलोनी में रहते थे। कृष्ण मोहन पेशे से वकील हैं। प्रदीप को लंबे समय से दमा की बीमारी थी। इसके चलते वह काफी परेशान रहते थे। शनिवार दोपहर प्रदीप मकान की छत पर जाकर नीचे छलांग लगा दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।गिरने की आवाज सुनकर परिवार के लोग घर के बाहर निकले। शव देखते ही चीख–पुकार मच गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मॉर्चरी हाउस भेज दिया।

लखनऊ के अटारी में बनेगा चौधरी चरण सिंह सीड पार्क

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के मलिहाबाद तहसील स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र अटारी में श्भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्कश बनाने का काम आगे बढ़ गया है। इसके लिए कृषि विभाग ने जरूरी जमीन जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग की ओर से आम लोगों और किसानों की जानकारी के लिए एक सार्वजनिक सूचना जारी की गई है, जिसके तहत आपसी सहमति से कुल 3.6344 हेक्टेयर जमीन खरीदी या अधि ाग्रहित की जाएगी।अपर कृषि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस परियोजना के लिए मलीहाबाद तहसील के शाहमऊ, रुदानखेड़ा, अटारी और पाराभदराही सूची में शामिल नौबस्ता गांव सहित की जमीन ली जानी है। इन गांवों के कुल 46 गाटा नंबरों कुल रकबा 16.0700 हेक्टेयर में से 3.6344 हेक्टेयर जमीन सीड पार्क के लिए तय की गई है। जमीन के नंबर, क्षेत्रफल और खातेदारों के नाम की पूरी सूची स्थानीय अखबारों में छपवाई जा रही है, ताकि सभी को इसकी स्पष्ट जानकारी मिल सके।कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि जारी की गई सूची में दर्ज खातेदारों के अलावा यदि किसी अन्य व्यक्ति का इस जमीन पर कोई हक या आपत्ति है, तो वह सूचना छपने के 10 दिन के भीतर अपने सबूतों के साथ लिखित दावा पेश कर सकता है। लोग अपना दावा या आपत्ति मदनमोहन मालवीय मार्ग स्थित कृषि भवन के प्रथम तल कक्ष संख्या–54 में अपर कृषि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र के कार्यालय या लखनऊ कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधि ाकारी भू–अध्याप्ति के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

रीजेंसी हेल्थ ने विश्व डायबिटीज दिवस पर डायबिटीज अवेयरनेस प्रोग्राम का किया आयोजन

लखनऊ (संवाददाता)। विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर रीजेंसी हेल्थकेयर ने डायबिटीज से बचाव, मैनेजमेंट और स्वस्थ लाइफस्टाइल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिलचस्प और जानकारी देने वाला डायबिटीज अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया। इस पहल ने हेल्थ अवेयरनेस (स्वास्थ्य जागरूकता) के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष दिन को ज्यादा रोचक, इंटरैक्टिव और सार्थक बना दिया। यह जागरूकता कार्यक्रम सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन और डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. आकांक्षा गुप्ता बाजपेयी ने आयोजित किया था। उन्होंने डायबिटीज के बेहतर मैनेजमेंट के लिए समय पर बीमारी की पहचान, नियमित जांच, दवाओं का सही तरीके से सेवन और समग्र देखभाल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि डायबिटीज का मैनेजमेंट केवल ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए लाइफस्टाइल में लगातार बदलाव, मरीजों को बीमारी के बारे में सही जानकारी देना और अपनी सेहत की देखभाल में उनकी सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। डायबिटीज को बेहतर तरीके से मैनेज करने में खान–पान की सही जानकारी की अहमियत पर बात करते हुए, डॉ. आकांक्षा गुप्ता, कंसल्टेंट, इंटरनल मेडिसिन, रीजेंसी हेल्थ, लखनऊ ने कहा ष्डायबिटीज को मैनेज करने में एक बड़ी चुनौती यह है कि लोग अक्सर अपनी डाइट को लेकर सही जानकारी के बजाय अंदाजे के आधार पर फैसले लेते हैं। कितनी कैलोरी लेनी चाहिए, खाने की मात्रा कितनी होनी चाहिए और रोज के खाने में कौन–कौन से पोषक तत्व हैं, इन सभी बातों का खान–पान पर असर पड़ता है, लेकिन अक्सर लोग इन पर ध्यान नहीं देते।

सीएचसी बढ़नी के भूमि पूजन में नारेबाजी को लेकर बवाल, सांसद-विधायक समर्थकों में भिड़ंत

पंडाल में लोगों से मिल रहे थे सांसद, तभी केवल विधायक के समर्थन में नारे लगने से भड़का विवाद

मंच पर धक्का-मुक्की और विधायक के संबोधन के दौरान दोबारा तीखी नोकझोंक के बीच संपन्न हुआ कार्यक्रम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। विकास खंड बढ़नी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बनाए जाने को लेकर शनिवार को आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम उस समय अखाड़े में तब्दील हो गया, जब नारेबाजी को लेकर भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल और अपना दल (एस) के विधायक विनय वर्मा के समर्थक आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मंच पर ही तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की शुरू हो गई, जिससे कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाद में विधायक के संबोधन के दौरान भी एक बार फिर तनातनी की स्थिति बनी, लेकिन पुलिस की तत्परता और दोनों पक्षों के बुद्धिजीवियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ और भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया।जानकारी के अनुसार, बढ़नी पीएचसी का उच्चीकरण कर 19.66 करोड़ रुपये (19 करोड़ 66 लाख) की लागत से विकसित किए जाने वाले 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के निर्माण को लेकर परिसर के प्रांगण में भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम स्थल पर लगे शिलापट्ट पर मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक सहित सभी माननीयों के नाम अंकित थे। समारोह में सांसद जगदम्बिका पाल पहले ही पहुंच चुके थे, जबकि विधायक विनय वर्मा उस समय तक कार्यक्रम स्थल पर





नहीं पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि सांसद अभी मंच पर नहीं गए थे और पंडाल में मौजूद महिलाओं तथा स्थानीय लोगों से शिष्टाचार मुलाकात कर रहे थे। इसी बीच, पंडाल में मौजूद कुछ लोगों द्वारा केवल विधायक विनय वर्मा के समर्थन में जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी गई।

इस पर मौके पर मौजूद कुछ लोगों और समर्थकों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जब क्षेत्र के सांसद स्वयं कार्यक्रम में उपस्थित हैं, तो उनके सम्मान में भी नारेबाजी होनी चाहिए। एकतरफा नारेबाजी के इसी मुद्दे पर सांसद और विधायक समर्थकों के बीच पंडाल में ही कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते यह तीखी बहस भिड़ंत में बदल गई और दोनों गुटों के कार्यकर्ता मंच पर आमने-सामने आ गए, जहां दोनों पक्षों में जमकर धक्का-मुक्की हुई। समारोह की संवेदनशीलता को देखते हुए मौके पर ढेबरुआ थाने के अलावा आसपास के कई थानों की पुलिस फोर्स पहले से ही तैनात थी। पुलिस अधिकारियों और जवानों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए दोनों पक्षों को अलग किया।

इसके कुछ ही देर बाद जब विधायक विनय वर्मा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और उन्होंने मंच से माइक संभालकर बोलना शुरू किया, तो उसी बीच दोनों पक्षों में एक बार फिर तीखी नोकझोंक होने लगी। माहौल को दोबारा बिगड़ता देख मौके पर मौजूद पुलिस बल और दोनों पक्षों के वरिष्ठ एवं बुद्धिजीवी लोगों ने आगे बढ़कर कार्यकर्ताओं को समझाया-बुझाया। पुलिस की मुस्तैदी और प्रबुद्धजनों के हस्तक्षेप से बड़ा बवाल टल गया।

घटनाक्रम के बाद स्थानीय स्तर पर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मामले को लेकर विधायक विनय वर्मा के करीबी माने जाने वाले प्रदीप कमलापुरी ने बयान जारी करते हुए बताया कि विवाद के दौरान उन पर हमला किया गया, जिससे उनका कुर्ता फट गया। हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि हमला करने वाले किस पार्टी के लोग थे, तो वे पार्टी का नाम बताने से कतराते रहे और कई बार सवाल किए जाने के बाद ही उन्होंने सांसद समर्थकों के कुछ लोगों का नाम लिया। वहीं, दूसरे पक्ष के समर्थकों का कहना है कि कार्यक्रम में सांसद की मौजूदगी के बावजूद एकतरफा नारेबाजी किए जाने के कारण ही विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।

उधर, विवादों के बीच दोनों जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया। सांसद जगदम्बिका पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि आने वाले वर्ष 2027 में भी भाजपा की ही सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का भूमि पूजन हुआ है और 2027 में वे तथा विधायक मिलकर इसका उद्घाटन भी करेंगे। वहीं, विधायक विनय वर्मा ने अपने अथक प्रयासों से स्वीकृत हुए 19.66 करोड़ रुपये की लागत वाले इस 30 बेड के अस्पताल की सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के प्रति आभार जताया। उन्होंने भी कहा कि अभी परियोजना का भूमि पूजन हो रहा है और कार्य पूरा होने के बाद वे और सांसद दोनों मिलकर इसका उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सिद्धार्थनगर ने स्पष्ट किया कि विभाग की ओर से प्रोटोकॉल के तहत सभी माननीयों को अवगत व आमंत्रित किया गया था। इसके बाद पूरा कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

तहसील समाधान दिवस में डीएम का कड़ा रुखः लापरवाही पर दी कार्रवाई की चेतावनी, 63 शिकायतों में से 7 का मौके पर निस्तारण

भूमि विवादों के त्वरित निपटारे और संपत्ति रजिस्टर तैयार करने के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। शासन की मंशा के अनुरूप माह के तीसरे शनिवार को तहसील इटवा में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी इटवा संदीप कुमार त्रिपाठी ने राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों की समस्याएं सुनीं, जबकि पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस विभाग से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई की। समाधान दिवस में कुल 63 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें सर्वाधिक 27 मामले राजस्व विभाग के रहे, जबकि पुलिस के 11, विकास के 04, विद्युत के 02 तथा अन्य विभागों के 19 प्रार्थना-पत्र शामिल थे। जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व के 07 मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया तथा शेष बचे सभी प्रार्थना-पत्रों को तीन दिनों के भीतर शत-प्रतिशत व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के कड़े निर्देश दिए।

पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की आख्याओं का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी सोगरवाल ने तत्काल जिला स्तरीय टीम गठित कर स्थलीय जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण शिकायतकर्ता और विपक्षी दोनों की मौजूदगी में मौके पर निरीक्षण करने के बाद ही किया जाए। कानूनगो और लेखपालों को सख्त हिदायत देते



हुए उन्होंने कहा कि 'भूमि संपत्ति रजिस्टर' और 'भूमि विवाद रजिस्टर' अनिवार्य रूप से तैयार कर लें, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति स्पष्ट रहे। जिलाधिकारी ने दो टूक चेतावनी दी कि किसी भी विभाग में तहसील दिवस या आईजीआरएस का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए और यदि कहीं भी लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समाधान दिवस के समापन के पश्चात जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने तहसील परिसर में संचालित ईवीएम प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम तथा ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का निरीक्षण किया और अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ श्रीमती नीला एम., लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आशीष भारद्वाज, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गनेश प्रसाद, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रवि शंकर पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह और तहसीलदार इटवा सहित क्षेत्र के समस्त थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी, सीडीपीओ व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मतदाता पुनरीक्षण अभियानः डीएम और एसपी ने इटवा के दो मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने तहसील इटवा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गनवरिया पूरब तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैना का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गनवरिया पूरब के बूथ संख्या-162 पर तैनात बीएलओ से फॉर्म-06 के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त होने वाले फॉर्म-06 को प्रतिदिन डिजिटलाइज करने तथा अधिक से अधिक पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बूथ तक आने वाली सड़क को ठीक कराने के निर्देश भी दिए।इसके बाद अधिकारियों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैना स्थित बूथ संख्या-166 का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सभी बूथों पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का बैनर लगवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी इटवा संदीप कुमार त्रिपाठी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विशेष अभियान दिवस पर डीएम ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण, बीएलओ को दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत 21 एवं 22 नवंबर, 2026 को प्रदेश के सभी जनपदों के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के साथ ही सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना है।इसी क्रम में आज जिलाधिकारी संजय चौहान ने तहसील कप्तानगंज अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र रामकोला के बूथ संख्या 263 तथा जनता इंटर कॉलेज, चंदरपुर स्थित बूथ संख्या 335 का निरीक्षण कर विशेष अभियान दिवस के दौरान की जा रही गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने संबंधित बूथों पर उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, अपमार्जन एवं संशोधन के लिए निर्धारित फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 की उपलब्धता तथा उनके भरने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही फार्म के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक अभिलेखों एवं दस्तावेजों की जानकारी भी ली।जिलाधिकारी ने



बीएलओ को निर्देशित किया कि विशेष अभियान दिवस के दौरान निर्धारित समय तक अपने-अपने मतदेय स्थलों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को नियमानुसार पूर्ण कराएं। विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले एवं पहली बार मतदाता बनने जा रहे युवाओं, महिलाओं तथा अन्य पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने जनपद के नागरिकों से अपील की कि वे अपने संबंधित मतदेय स्थल पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के पात्र सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो फार्म-6 भरकर नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन करें। वहीं नाम, पता अथवा अन्य विवरणों में संशोधन के लिए फार्म-8 तथा अपात्र अथवा मृत मतदाता के नाम के अपमार्जन हेतु फार्म-7 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम दर्ज होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है। इसलिए सभी नागरिक इस विशेष अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

कुशीनगरः विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी शुरू



प्रातः काल एक्सप्रेस /ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।आज दिनांक 21.11.2026 को जिलाधिकारी श्री संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार ने संयुक्त रूप से जनपद स्तर पर चुनाव तैयारियों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री पवन कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ वर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।समीक्षा बैठक के दौरान निर्वाचन के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के चिन्हांकन, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन हेतु अभी से आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 22 नवंबर को मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा विशेष अभियान

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 17 नवंबर 2026 को करा दिया गया है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 17 नवंबर 2026 से 16 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 04 जनवरी 2027 को किया जाएगा।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में चार विशेष अभियान की तिथियां यथा दिनांक 21 नवंबर 2026 (शनिवार), दिनांक 22 नवंबर 2026 (रविवार), 28 नवंबर 2026 (शनिवार) तथा 29 नवंबर 2026 (रविवार) निर्धारित की गई है।जनपद के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त 1752 मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी अपने से सम्बन्धित आवंटित मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान की तिथियों में उपस्थित रहकर दावे/आपत्तियां प्राप्त करेंगे।विशेष अभियान दिनांक दिनांक 22 नवंबर 2026 (रविवार) के दिन जनपद के समस्त ऐसे प्राथमिक/जूनियर विद्यालय/इण्टर कॉलेज/महाविद्यालय/कार्यालय आदि जहां पर मतदेय स्थल स्थापित है, खुले रहेंगे।उक्त के अतिरिक्त सम्बन्धित प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक/प्राचार्य/विभागाध्यक्ष द्वारा बूथ लेवल अधिकारी को आवश्यकतानुसार मेज, कुर्सी आदि उपलब्ध कराते हुए बूथ लेवल अधिकारी के कार्यों में सहयोग किया जाएगा।

यातायात माहः नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को पुष्प देकर किया प्रोत्साहित

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर। यातायात माह के 21वें दिन शनिवार को जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात राजकुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात अजय कुमार सिंह यादव और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) की संयुक्त टीम ने हेलमेट और सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों को पुष्प देकर प्रोत्साहित किया।अभियान के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़ा करने, सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन न रोकने, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने तथा यातायात व्यवस्था बाधित न करने के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही ओवरस्पीड वाहनों पर नियंत्रण रखने के लिए दो इंटरसेप्टर वाहनों के माध्यम से राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर लगातार निगरानी की जा रही है और गति सीमा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस ने सभी चालकों से नियमों का पालन करने और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाकर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग करने की अपील की है।

किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने के लिए जनपद में सुचारु रूप से संचालित हो रही धान खरीद, अब तक 1411.76 मीट्रिक टन धान की खरीद

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से धान खरीद का कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। जनपद के विभिन्न धान क्रय केंद्रों पर किसानों से धान की खरीद की जा रही है।जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 20 नवंबर 2026 तक जनपद में कुल 1411.76 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। क्रय केंद्रों पर धान खरीद की प्रक्रिया निरंतर जारी है।जनपद में धान खरीद के लिए कुल 37 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए है। इनमें खाद्य विभाग के 13ए पीसीएफ के 10 यूपीएसएस के 13 तथा भारतीय खाद्य निगम का 01 क्रय केंद्र शामिल है।वर्तमान में खाद्य विभाग के 10ए पीसीएफ के 10ए यूपीएसएस के 13 तथा भारतीय खाद्य निगम के 01 सहित कुल 34 क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति कर धान खरीद का कार्य कराया जा रहा है।खाद्य विभाग के शेष 03 क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।विभागीय रिपोर्ट के अनुसार खाद्य विभाग के क्रय केंद्रों पर 724.32 मीट्रिक टन धान की खरीद दर्ज की गई है।इसी प्रकार पीसीएफ के क्रय केंद्रों पर 254.11 मीट्रिक टन तथा यूपीएसएस के क्रय केंद्रों पर 433.34 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।जनपद की समेकित प्रगति रिपोर्ट में कुल 1411.76 मीट्रिक टन धान खरीद दर्ज है।धान खरीद के साथ.साथ किसानों को भुगतान की कार्यवाही भी संचालित की जा रही है।विभागीय रिपोर्ट के अनुसार 955.34 मीट्रिक टन धान का निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण दर्ज किया गया है।

पचनदा नदी का डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए होंगे पुख्ता इंतजाम
मोटर बोट, गोताखोर, फ्लड पीएसी और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। थाना बिठौली क्षेत्रांतर्गत पचनदा नदी पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और जनसुविधाओं को लेकर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने नदी और आसपास के क्षेत्र का भ्रमण कर साफ-सफाई, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीएम और एसएसपी ने नदी में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त मोटर बोट, प्रशिक्षित गोताखोर और नाविकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फ्लड पीएसी की प्लाटून तैनात करने, नदी के संवेदनशील एवं गहरे स्थानों पर सुरक्षा जाल लगाने और आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। निगरानी के लिए वॉच टावर स्थापित करने को भी कहा गया।श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चेंजिंग रूम, कंट्रोल रूम, अनाउंसमेंट सिस्टम और खोया-पाया केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा वाहनों के सुव्यवस्थित आवागमन के लिए पर्याप्त पार्किंग, पूरे क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था तथा प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा गया।

आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर लगे इटावा सफारी पार्क के आकर्षक होर्डिंग्स, पर्यटकों को लुभाने की पहल

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। इटावा सफारी पार्क के प्रचार-प्रसार और पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में यूपीडा के सहयोग से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर विभिन्न स्थानों पर इटावा सफारी पार्क के आकर्षक होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इसके साथ ही करहल के पास एक्सप्रेसवे के दोनों ओर स्थित फूड प्लाजा पर भी सफारी पार्क के होर्डिंग्स लगाए गए है।सफारी पार्क प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य एक्सप्रेसवे से गुजरने वाले यात्रियों को इटावा सफारी पार्क के प्रति आकर्षित करना है। इससे आगरा और लखनऊ के बीच यात्रा करने वाले लोगों को सफारी पार्क की जानकारी मिलेगी और यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है।वहीं, सफारी पार्क प्रशासन ने पर्यटकों की सुविधाओं में एक और इजाफा किया है। शनिवार से सफारी पार्क की सॉविनियर शॉप का संचालन मुंबई की कंपनी हॉट स्टफ्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया है। यह कंपनी देश के कई चिड़ियाघरों में टेंडर के माध्यम से सॉविनियर शॉप संचालित करने के साथ ही वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाली सामग्री भी उपलब्ध कराती है।अब सफारी पार्क घूमने आने वाले पर्यटकों को यहां विभिन्न-प्रकार के सॉविनियर (स्मृति चिन्ह) खरीदने का अवसर मिलेगा। इन स्मृति चिन्हों के माध्यम से पर्यटक सफारी पार्क की यादें अपने साथ ले जा सकेंगे। प्रचार-प्रसार और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार से सफारी पार्क को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

सैफई हवाई पट्टी पर उतरे सेना के तीन माइक्रोलाइट विमान, 4434 किमी की उड़ान भरेंगे 'फ्लाइंग रैबिट्स'

वंदे मातरम' के 150 वर्ष और आर्मी सर्विस कोर के 266वें स्थापना दिवस पर निकली राष्ट्रीय एकता उड़ान



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सैफई। 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने और भारतीय सेना के आर्मी सर्विस कोर (एएससी) के 266वें स्थापना दिवस पर निकाली जा रही राष्ट्रीय एकता उड़ान के तीन माइक्रोलाइट विमान शुक्रवार सुबह सैफई हवाई पट्टी पर उतरे। 'फ्लाइंग रैबिट्स' नाम से संचालित यह अभियान युवाओं में देशभक्ति और साहसिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ सेना की गौरवशाली परंपराओं और राष्ट्रीय एकता का संदेश दे रहा है। तीनों विमान अलीगढ़ से उड़ान भरकर सैफई पहुंचे। आर्मी एडवेंचर विंग के तत्वावधान में आयोजित अभियान का नेतृत्व कर्नल राहुल मनकोटिया कर रहे हैं। मेजर एसएन गुप्ता ने बताया कि अभियान की शुरुआत 16 नवंबर को गया स्थित एएएनसी (माइक्रोलाइट) से हुई, जो 17 दिसंबर तक चलेगा। प्रत्येक विमान में दो लोगों के बैठने की व्यवस्था है। पूरे अभियान में 13 अधिकारी और 24 जेसीओ व जवान शामिल हैं, जिनमें सैफई पहुंचे दल में चार अधिकारी और 15 जवान मौजूद रहे। मेजर गुप्ता ने बताया कि अभियान के माध्यम से आमजन तक राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और 'वंदे मातरम' के महत्व का संदेश पहुंचाया जा रहा है। सैफई के बाद दल का अगला पड़ाव झांसी है। वहां रात्रि विश्राम के बाद टीम आगे रवाना होगी। अभियान का समापन बेंगलुरु स्थित एएससी सेंटर एंड कॉलेज में 8 दिसंबर को एयरो शो के साथ होगा, जहां डीजीएसटी की ओर से दल को सम्मानित किया जाएगा।

जिलाधिकारी आज करेंगे जनपद प्रदर्शनी का रंगारंग शुभारंभ

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। जनपद की गौरव इटावा प्रदर्शनी का शुभारंभ इस बार डिजिटल आतिशबाजी के साथ रंगारंग वातावरण में होगा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल रविवार को शाम 3 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जनपद प्रदर्शनी के जनरल सेकेट्री एंव उपजिलाधिकारी सदर मनोज कुमार पाठक ने शनिवार को प्रदर्शनी परिसर में मीडिया से वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। जनरल सेकेट्री एंव उपजिलाधिकारी सदर मनोज कुमार पाठक के साथ एडीएम न्यायिक मनोज प्रकाश, उपजिलाधिकारी न्यायिक भरथना अमित जायसवाल व उपजिलाधिकारी न्यायिक जसवंतनगर गणेश कनोजिया से बताया कि जनपद की गंगा जमुनी तहजीब की प्रतीक प्रदर्शनी का जनपद के लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस वर्ष प्रदर्शनी का शुभारंभ डिजिटल आतिशबाजी के साथ होगा। उन्होंने बताया कि दुकानदारों से शीघ्र दुकाने लगाने के लिए कहा गया है ताकि उद्घाटन के बाद जनता प्रदर्शनी का भरपूर आनन्द ले सके। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी को शानदार बनाने के लिए पंडाल में सांस्कृतिक, खेल, ज्ञानवर्धक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी समिति ने इस वर्ष कार्यक्रमों के कलेवर को और बेहतर करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के भी कड़े प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने जनपद वासियों से प्रदर्शनी के शुभारंभ पर परिवार सहित उपस्थित होने की अपील की है।

अजीतमल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, फरियादियों की सुनी समस्याएं

82 शिकायतों में 12 का मौके पर हुआ निस्तारण



प्रातःकाल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल तहसील सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें कुल 82 शिकायतें आईं, जिनमें 12 का मौके पर निस्तारण हुआ। डीएम बृजेश कुमार सिंह और एसपी अभिषेक भारती ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। दहियापुर निवासी संजू कुमारी ने रोहित उर्फ लल्लू पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया। अलीपुर निवासी बृजेंद्र दुबे ने बंटवारे के बाद भी विपक्षियों पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया। बाबरपुर निवासी वीरेंद्र ने श्मशान भूमि के रास्ते को अभिलेखों में दर्ज न करने और लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। डीएम ने लंबित मामलों पर कर्मचारियों को फटकार लगाई और कहा कि फरियादियों को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। निस्तारण कागजी न हो, वास्तविक राहत मिले। सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद व बिजली विभाग से रहीं।

बकेवर में आज शाम छह बजे होगी ब्लैकआउट मॉक ड्रिल, डीएम-एसएसपी ने तैयारियों को परखा

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए रविवार 22 नवंबर को शाम छह बजे बकेवर में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। शनिवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर जिम्मेदारियां सौंपी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मॉक ड्रिल के लिए थाना बकेवर क्षेत्र के बकेवर मुख्य चौराहे का चयन किया गया है। ब्रीफिंग में पुलिस, यातायात पुलिस, अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग और नागरिक सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस और यातायात विभाग सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तथा वाहनों की लाइटें बंद अथवा न्यूनतम रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सिग्नल बंद होने की स्थिति में पुलिसकर्मी यातायात का संचालन करेंगे। अग्निशमन विभाग दमकल वाहनों और कर्मचारियों की तैनाती के साथ आग बुझाने एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन करेगा। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को अग्निशमन यंत्रों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। डीएम और एसएसपी ने सभी विभागों को पूरी गंभीरता व सतर्कता के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए और कहा कि समन्वय व सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बहन की शादी की बज रही थी शहनाई, भाई को पड़ा दिल का दौरा, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

बहन की विदाई के दिन भाई की मौत, परिवार सहित पूरे क्षेत्र में छाया मातम, गमगीन माहौल में हुई विदाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मौहारी गांव में बहन की शादी के दिन बड़े भाई की हृदय गति रुकने से मौत हो गई, जिससे समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों ने भारी गम के बीच शादी की रस्में पूरी कर बेटी को विदा किया। मौहारी गांव में शुक्रवार को एक ऐसा दुखद घटनाक्रम हुआ, जिसने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। जिस घर से बहन की डोली उठने की तैयारी थी, उसी घर से भाई की अर्थी उठने की खबर ने परिवार को झकझोर दिया। भाई की मौत की खबर मिलते ही शादी समारोह में चीख-पुकार मच गई। मौहारी निवासी राजू नागर बीएसएफ में तैनात हैं। उनका बड़ा बेटा विक्रम नागर एक निजी स्कूल में शिक्षक था। चार दिन पहले अचानक दिल का दौरा पड़ने से उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। परिजनों ने उसे आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसका उपचार चल रहा था। शुक्रवार को राजू नागर की बेटी की शादी गांव के ही एक गेस्ट हाउस में आयोजित थी। घर में रिश्तेदारों और बरातियों का जमावड़ा लगा था। सभी बहन की शादी की खुशियों में शामिल थे। इसी बीच विक्रम की मौत की खबर पहुंचते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। भारी गम के बीच परिजनों ने रात करीब नौ बजे शादी की रस्में पूरी कर बेटी को विदा किया। भाई की मौत और बहन की विदाई के इस दुखद घटनाक्रम से पूरे गांव में शोक छा गया।

नाबालिग को बहला- फुसलाकर ले जाने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अजीतमल कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे 18 वर्षीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रतनीपुर तिराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी अजीतमल के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अजीतमल पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमा अपराध संख्या 426/26 में वांछित अभियुक्त रतनीपुर तिराहे के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अभियुक्त राघवेन्द्र सिंह पुत्र अभय कुमार निवासी ग्राम रतनीपुर भीखेपुर, थाना अजीतमल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की उम्र करीब 18 वर्ष बताई गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 87, 64(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

पूरे सज धज के साथ निकली भगवान श्रीशालिग्राम और तुलसी की शोभायात्रा



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। श्री आनंद बिहारी विराजमान राधा कृष्ण मंदिर सब्जीमंडी शाहगंज से भगवान श्री शालिग्राम और तुलसीजी की बारात (शोभायात्रा) शुक्रवार को निकाली गई। रात्रि में वैदिक रीति से विवाह सम्पनन हुआ। शोभायात्रा का शुभारम्भ 11 वेदपाठी ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार से हुआ। पूर्व आईपीएस जुगुल किशोर तिवारी ने पूजन किया। इसके बाद फूलों से सजे रथ पर भगवान को विराजमान कराया गया। पुजारी पंडित दिगम्बर प्रसाद त्रिपाठी ने पूजन-आरती की, पतने सुधा त्रिपाठी ने परछन की। शोभायात्रा शाहगंज, जानसेनगंज, हिवेट रोड, अग्रसेन चौराहा, घंटाघर, फलमंडी, लोकनाथ, कोतवाली, ठठेरी बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। डीजे, शहनाई, डमरू व ढोल-ताशा के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते चले। जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ। एसीपी निकिता श्रीवास्तव व कोतवाली इंचार्ज सुधीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस मुस्तैद रही। पीस कमेटी के चांद मियां व मोहम्मद अकरम सहित अन्य लोगों ने कोतवाली पर स्वागत किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। तहसील चकरनगर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।डीएम और एसएसपी ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रत्येक शिकायत का न्यायोचित समाधान किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

विधायक राजीव सिंह पारीछा ने परिवार की स्व-गणना कर दिया जनभागीदारी का संदेश

बोले–जनगणना में सही जानकारी दर्ज कराएं नागरिक, जनकल्याणकारी योजनाओं की सटीक रूपरेखा तैयार करने में निभाएं अपनी जिम्मेदारी



प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। बबीना विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजीव सिंह पारीछा ने अपने परिवार की स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया पूरी कर आमजन को जनगणना अभियान में सहभागिता का संदेश दिया। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं सभी नागरिकों से अपील की कि वे भी जनगणना के आधिकारिक पोर्टल desi.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार की सही एवं सटीक जानकारी स्वयं दर्ज कराएं और राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान में भागीदार बनें।विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह देश और समाज के विकास की भावी योजनाओं का आधार है। जनगणना के माध्यम से प्राप्त सटीक जानकारी से ही जनकल्याणकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार करने और उनका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने में मदद मिलती है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी लोग आगे आकर अपने परिवार की सही जानकारी दर्ज कराएं और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

जवाहर पब्लिक स्कूल की अशिच्या बनी 'मैं ही सर्वश्रेष्ठ रानी', कृतिका द्वितीय और परिधि तृतीय

रानी झांसी स्वरूप प्रतियोगिता के फाइनल में छात्राओं ने बिखेरी प्रतिभा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। दीपांजलि के तहत मानव विकास संस्थान के संयोजन में आयोजित रानी झांसी स्वरूप प्रतियोगिता 'मैं ही सर्वश्रेष्ठ रानी' का फाइनल मुकाबला सदर बाजार चौराहे पर रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा के नीचे स्थित शिव मंदिर परिसर में संपनन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर पीएन गुप्ता ने की, जबकि राष्ट्रीय कन्वीनर डॉ. अशोक अग्रवाल काका का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में जवाहर पब्लिक स्कूल की अशिच्या ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 'मैं ही सर्वश्रेष्ठ रानी' का खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पदाधिकारियों के साथ सबसे छोटी रानी स्वरूप बालिका ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद फाइनल मुकाबले में प्रतिभागी छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आगंतुकों और दर्शकों का मन मोह लिया। गोयनका पब्लिक स्कूल एवं जवाहर पब्लिक स्कूल के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया।

मानव विकास संस्थान की कोर कमेटी के चेयरमैन डॉ. ध्रुव सिंह यादव ने कहा कि इस बार चौराहे पर कार्यक्रम आयोजित होने से आम जनता को भी प्रतियोगिता देखने का अवसर मिला और लोगों ने इसका भरपूर आनंद उठाया।

निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करने के बाद परिणाम घोषित किए। इसमें जवाहर पब्लिक स्कूल की अशिच्या को प्रथम, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की कृतिका को द्वितीय, मांटेसरी स्कूल की परिधि को तृतीय तथा ओम शांति किड्स की मिस्टी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा सभी विद्यालयों की श्रेष्ठ रानियों को उनके विद्यालय की रानी का खिताब भी दिया गया। गोयनका पब्लिक स्कूल की मानवी, हाफिज सिद्दीकी गर्ल्स इंटर कॉलेज की रितु तथा महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज की प्रसिद्धि सक्सेना ने अपने-अपने विद्यालय की श्रेष्ठ रानी का पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मानव विकास संस्थान के ध्रुव यादव, संजय कुमार शुक्ला, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसएस सिंह, पूजा मल्होत्रा, विष्णु दयाल अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, शशि गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, सुमंत चतुर्वेदी, राम अग्रवाल, सतीश चौधरी एवं पूर्व सैनिक कल्याण संस्था सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम का संचालन समन्वयक प्रो. ज्योति वर्मा ने किया तथा अंत में संस्थान के सचिव अनिल कुमार साहू ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों सम्मानित

मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी में 11 वर्षों तक दी खेल सेवाओं के लिए मिला सम्मान, खेल मंत्री विश्वास सारंग भी रहे मौजूद



प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी । मध्य प्रदेश में हॉकी के विकास और नई खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व ओलंपियन एवं विश्वविजेता अशोक ध्यानचंद को एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी भोपाल-2026 के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के खेल विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

अशोक ध्यानचंद ने मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी में लगातार 11 वर्षों तक अपनी खेल सेवाएं देते हुए प्रदेश में हॉकी के विकास को नई दिशा प्रदान की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देने के साथ ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हॉकी के प्रति उनके समर्पण और खेल प्रतिभाओं को तराशने के प्रयासों को देखते हुए शासन ने उन्हें सम्मानित किया।

समारोह में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित मधु यादव, अर्जुन पुरस्कार विजेता सैयद जलालुद्दीन तथा एशियन गेम्स-1974 के रजत पदक विजेता मेहबूब जफर की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। खेल जगत की इन प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई।अशोक ध्यानचंद को मिला यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ-साथ मध्य प्रदेश में हॉकी को मजबूत बनाने और नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए किए गए उनके उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना है। उनका योगदान प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

झाँसी मनस्विनी ने आंवला नवमी पर किया विशेष पूजन, सुख-समृद्धि की कामना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। झाँसी मनस्विनी संस्था के तत्वावधान में आंवला नवमी के पावन अवसर पर होटल ग्रांड तुलसी में विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम चार्टर अध्यक्ष रजनी गुप्ता के नेतृत्व एवं संस्था अध्यक्ष रजनी सेठ की अध्यक्षता में संपनन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ आंवला वृक्ष के पूजन से हुआ। उपस्थित महिलाओं ने आंवला वृक्ष की परिक्रमा कर दीप प्रज्वलित किए तथा परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस दौरान धार्मिक कथा श्रवण के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

तीन अधिकारियों के तबादले को लेकर चुनाव आयोग को मेल पर शिकायत, महेश कश्यप ने उठाया 3 साल से जमे होने का मुद्दा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन को लेकर झांसी से एक अहम शिकायत मेल के माध्यम से भेजी गई है। यह शिकायत महेश कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश सचिव द्वारा भेजी गई है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ और मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को मेल पर ज्ञापन भेजकर तीन अधिकारियों को झांसी से अन्य जनपद में स्थानांतरित करने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव-2027 के मद्देनजर 27 अक्टूबर 2026 को निर्देश जारी किए थे। इसके अनुसार निर्वाचन कार्यों से सीधे जुड़े ऐसे अधिकारी, जिन्होंने 31 मई 2027 तक एक ही जनपद में तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली है या पूरी कर लेंगे, उन्हें स्थानांतरित किया जाना है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भी 28 अक्टूबर 2026 को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की थी।

ज्ञापन के अनुसार झांसी में तीन अधिकारी इस नियम की परिधि में आते हैं। पहला नाम परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, झांसी व जिला विकास अधिकारी श्री राजेश कुमार का है, जो जुलाई 2023 से पीडी, डीआरडीए के पद पर तैनात हैं। दूसरा नाम उपायुक्त (मनरेगा / श्रम एवं रोजगार) श्री शिखर श्रीवास्तव का है, जो जुलाई 2023 से लगातार तैनात हैं। तीसरा नाम उपायुक्त (स्वतः रोजगार) श्री सुनील कुमार का है, जो जुलाई 2023 से खंड विकास अधिकारी के पद पर झांसी में थे और जनवरी 2026 से उपायुक्त पद पर तैनात हैं।

ज्ञापन में आरोप है कि तीनों अधिकारी विकास खंडों में खंड विकास अधिकारी का चार्ज भी संभाल रहे हैं। खंड विकास अधिकारी लाभार्थीपरक योजनाओं के निर्णायक अधिकारी होते हैं। ऐसे में इनकी तैनाती से निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

महेश कश्यप ने जनहित और निष्पक्ष चुनाव की दृष्टि से तीनों को तत्काल झांसी से हटाने की मांग की है।

पहूज नदी पर बिल्डरों का शिकंजा, नदी की जमीन पर कब्जे का खेल कब रुकेगा?

एनजीटी की सख्ती के बावजूद अवैध निर्माणों पर सवाल, नदी का सीना चीरकर खड़े हो रहे निर्माणों की जांच करे प्रशासन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। बुंदेलखंड की जीवनदायिनी पहूज नदी पर अतिक्रमण और अवैध निर्माणों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। नदी के प्राकृतिक बहाव क्षेत्र और आसपास की जमीन पर निर्माण गतिविधियों को लेकर बिल्डरों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे है। आखिर किसकी शह पर नदी के संवेदनशील क्षेत्र में निर्माण किए जा रहे है? क्या मुनाफे के लिए नदी और पर्यावरण के अस्तित्व को दांव पर लगाया जा रहा है?



राष्ट्रीय हरित अधिकरण तक पहुंच चुके इस मामले में नदी के बाढ़ क्षेत्र का सीमांकन कराने और अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने जून 2027 तक सीमांकन पूरा करने का लक्ष्य बताया है। वहीं जनवरी 2027 से आईआईटी रुड़की की विशेषज्ञ टीम ड्रोन सर्वेक्षण कर नदी के प्राकृतिक बहाव क्षेत्र, ग्रीन बेल्ट और संभावित अतिक्रमण का आकलन करेगी।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब तक सीमांकन पूरा नहीं होता, तब तक नदी की जमीन पर निर्माण करने वालों को खुली छूट क्यों मिले? नदी के किनारे विकसित हो रही कॉलोनियों, प्लॉटिंग और भवन निर्माण की स्वीकृतियों की जांच क्यों नहीं कराई जा रही? क्या विकास प्राधिकरण के अधिकारी यह बताएंगे कि संवेदनशील नदी क्षेत्र में निर्माण की अनुमति किस आधार पर दी गई?

प्रशासन को चाहिए कि पहूज नदी के किनारे हुए सभी निर्माणों, बिल्डरों की प्लॉटिंग, जमीनों के बैनामों और स्वीकृत नक्शों की निष्पक्ष जांच कराए। यदि किसी बिल्डर या भू-माफिया ने नदी के प्राकृतिक बहाव क्षेत्र अथवा प्रतिबंधित बाढ़ क्षेत्र में अवैध कब्जा या निर्माण किया है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। अवैध निर्माण हटाए जाएं और पर्यावरणीय क्षति की भरपाई भी कराई जाए।सवाल सीधा है–क्या बिल्डरों के मुनाफे से बड़ा नदी का अस्तित्व नहीं है? पहूज नदी किसी की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की प्राकृतिक धरोहर है। अब प्रशासन को कागजी बैठकों से आगे बढ़कर जमीन पर कार्रवाई करनी होगी, वरना नदी को बचाने के दावे केवल फाइलों तक सीमित रह जाएंगे।

संघर्ष सेवा समिति ने पेश की मानवता और सेवा की मिसाल, संगीता को उपहार देकर सम्मानपूर्वक किया विदा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना और उसके जीवन के खास पल को यादगार बनाना ही सच्ची समाजसेवा है। इसी भावना को साकार करते हुए संघर्ष सेवा समिति के कार्यालय में एक भावुक एवं आत्मीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां संगीता को सन्हे, सम्मान और उपहारों के साथ विदाई दी गई।उननव गेट बाहर, एकता कॉलोनी के पास झाँसी निवासी संगीता, स्वर्गीय शकुन कोस्टा एवं स्वर्गीय रामनरेश कोस्टा की पुत्री है। कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से संगीता को उपहार स्वरूप एक आकर्षक ब्रीफकेस भेंट किया गया। इसके साथ ही उनके विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए लहंगे की व्यवस्था की गई और उन्हें पार्लर से विशेष रूप से तैयार करवाया गया।इस अवसर पर आर्यन मेकअप मंत्रा की भूमिका भी सराहनीय रही। यहां संगीता का खूबसूरत मेकअप और श्रृंगार किया गया। आर्यन मेकअप मंत्रा से जुड़े लोग समय-समय पर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करते रहते हैं। इसके साथ ही विभिनन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी उनकी सक्रिय भूमिका रहती है।कार्यक्रम में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने संगीता को उपहार भेंट कर सन्हेपूर्वक विदा किया। इस दौरान अपनत्व और सहयोग का भाव देखने को मिला। यह पहल केवल उपहार देने तक सीमित नहीं रही, बल्कि समाज में जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता, सहयोग और मानवीय रिश्तों की अहमियत का संदेश भी दे गई।समाजसेवा की असली पहचान बड़े आयोजनों से नहीं, बल्कि उन छोटी-छोटी कोशिशों से होती है, जो किसी के जीवन में बड़ी खुशी बनकर उतरती है। इस अवसर पर बसंत गुप्ता सुशांत गुप्ता राजू सेन संदीप नामदेव नितिन वर्मा रोशनी मुस्कान धर्मेंद्र खाती हयारन अमन छाबड़ा आदि उपस्थित रहे



श्री रघुराज सिंह स्मृति भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी श्री रघुराज सिंह इंटर कॉलेज, झांसी में स्वर्गीय श्री रघुराज सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर श्री रघुराज सिंह स्मृति भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की आवश्यकता' रखा गया। इसमें विभिनन छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री श्री हरगोविन्द कुशवाहा ने नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को उनके पद एवं दायित्वों की शपथ ग्रहण कराई तथा विद्यार्थिच्यों को अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर श्री अजय सिंह ने स्कूल के उद्देश्य की जानकारी देकर कहा कि हमारा उद्देश्य गरीबों के बच्चों को अग्रिम पंक्ति पर लाना है। अतिथि गणों में भारत प्रजाशक्ति पार्टी के अध्यक्ष श्री पंकज रावत, स्वतंत्र जनता राज पार्टी के अध्यक्ष श्री घनश्याम कोरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री सुनील तिवारी, श्री कौशलेन्द्र दुबे उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के मैनेजर एवं बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण को क्षेत्र के विकास, रोजगार एवं किसानों की खुशहाली के लिए आवश्यक बताते हुए विद्यार्थिच्यों से बुंदेलखंड के विकास के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।



कार्यक्रम का संचालन कु. निकिता सिंह ने किया तथा अंत में कु. वंदना कुशवाहा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के परिणामः सीनियर वर्ग में बीकेडी की अनामिका पटेल ने प्रथम, बीकेडी की हर्षिता अवस्थी ने द्वितीय तथा रघुराज प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में नैना प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पलक परिहार एवं निहारिका पाल ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा दृष्टि अहिरवार एवं कृतिका पाल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर राजकुमार विश्वकर्मा, जितेंद्र नामदेव, छाया शुक्ला, निशा रावत, आनंद प्रताप सिंह, दीप्ति रजक, सौम्या श्रीवास, अतुल नामदेव, आयुष तिवारी, अलका कौशल, ज्योति वर्मा, तुवा खानम, प्रिया मिश्रा, मोहिनी पटेल एवं नितिन पटेल , सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

6 दिसंबर से पहले दुरुस्त हो बाबा साहब की प्रतिमा स्थल की बाउंड्री, बी.के. गौतम ने दिया ज्ञापन

परिनिर्वाण दिवस पर जुटेंगे हजारों अनुयायी, मरम्मत के साथ रंगाई-पुताई और साफ-सफाई कराने की उठाई मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झांसी । कचहरी चौराहा स्थित परम पूज्य बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के गोलंबर की क्षतिग्रस्त बाउंड्री की मरम्मत कराने की मांग को लेकर बी.के. गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला संयोजक सामाजिक भाईचारा (बहुजन समाज पार्टी), झांसी के नेतृत्व में जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि बाबा साहब की प्रतिमा के गोलंबर की बाउंड्री पिछले तीन-चार माह से क्षतिग्रस्त पड़ी है। इस संबंध में पूर्व में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया था, जिस पर शीघ्र मरम्मत कराने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बीती 4 नवंबर को नगर आयुक्त से मुलाकात कर भी समस्या से अवगत कराया गया था।बी.के. गौतम ने बताया कि आगामी 6 दिसंबर को बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर हजारों अनुयायी प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ऐसे में प्रतिमा स्थल की बदहाल स्थिति से अनुयायियों में नाराजगी है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि 6 दिसंबर से पूर्व गोलंबर की क्षतिग्रस्त बाउंड्री की मरम्मत, रंगाई-पुताई और साफ-सफाई का कार्य प्राथमिकता से कराया जाए, जिससे परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि देने पहुंचने वाले अनुयायियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर संतोष कुमार कोरी,विकास गौतम संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य भोजला, रविंद्र अहिरवार,एड संतोष राज वर्मा,चंद्रशेखर पवया, धीरेंद्र कुमार वर्मा, महाराज सिंह पाल, सुरेंद्र श्रीवास,धर्मेंद्र सिंह, एडवोकेटेड रिंकू अहिरवार ,संजीव, उत्कर्ष साहू, सुनील कुमार अहिरवार सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने को बूथों पर जुटा प्रशासन, डीएम ने परखी अभियान की रफ्तार

बीएलओ से लिया फॉर्म-6 का ब्योरा, पात्र युवाओं का नाम जोड़ने में न बरतें ढिलाई

सभी मतदेय स्थलों पर सुबह 10 से शाम चार बजे तक चले विशेष कैंप, एसडीएम ने भी क्षेत्र में भ्रमण कर बढ़ाया बीएलओ का उत्साह

डॉ0रईस अहमद उस्मानी
प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 21 नवंबर। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2027 के तहत जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप लगाकर मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया गया। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बीएलओ अपने-अपने बूथों पर मौजूद रहे और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे लोगों तथा पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं को पंजीकरण का अवसर उपलब्ध कराया।

अभियान की जमीनी हकीकत परखने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसील धौरहरा के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय सिसैया कला में स्थापित बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। डीएम ने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्राप्त फॉर्म-6 की स्थिति भी जानी और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के कार्य को गंभीरता से पूरा करने पर जोर दिया। वही प्राप्त फामी को आज ही ऑनलाइन फीड करने के निर्देश दिए।

डीएम ने बीएलओ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें पूरे मनोयोग और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य केवल फॉर्म भरवाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार धौरहरा विशाल शाह सहित संबंधित सुपरवाइजर और राजस्व अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, जिले के सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर विशेष कैंपों की निगरानी करते रहे और बीएलओ का उत्साह बढ़ाया।

प्रशासन का जोर है कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिक और पहली बार मतदान के लिए पात्र युवा निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म-6 भरकर अपना पंजीकरण कराएं। मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की पहली और जरूरी सीढ़ी है।

शुआट्स अकादमी ने एससीएपी ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज। एससीएपी क्रिकेट ट्रॉफी सीरीज के फाइनल मुकाबले में शुआट्स अकादमी ने क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान गोपालगंज, बिहार को 49 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। शुआट्स ने तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से जीत जीती।शुआट्स ग्राउंड पर खेले गए फाइनल मुकाबले में शुआट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 160 रन (दिव्यांश 63, शिवम पाल 51, उत्कर्ष तिवारी 16 नाबाद, फैसल दो विकेट) बनाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोपालगंज की टीम 17.5 ओवर में 111 रन (प्रिंस राज 24, फैसल 17 नाबाद, शमी अली 12, राहुल चैधरी 3/18, अल्तमश और निहाल ने दो-दो, अर्सलान व दीपेंद्र राज एक-एक विकेट) पर सिमट गई। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि शुआट्स के उप निदेशक मोहम्मद माजिद, डॉ. वजाहत महमूद और परवेज आलम ने विजेता एवं खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। संचालन मोहम्मद जेब फारान ने किया। इस अवसर पर वसीम अहमद, संजय सिंह, अरशद अली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

22 नवंबर को खीरी में बजेगा एयर रेड का अलर्ट, ब्लैकआउट के बीच परखी जाएगी आपदा प्रबंधन की ताकत

शाम छह बजे मेमोरियल मैदान में होगी मॉक ड्रिल, एनडीआरएफ-एसडीआरएफ समेत सुरक्षा एजेंसियां दिखाएंगी तत्परता

सायरन से लेकर राहत-बचाव तक का होगा अभ्यास, घायलों को अस्पताल पहुंचाने की भी परखी जाएगी व्यवस्था

डॉ0रईस अहमद उस्मानी
प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 21 नवंबर। आपात स्थिति से निपटने में प्रशासन कितना तैयार है और विभिनन सुरक्षा एजेंसियों के बीच कितना बेहतर समन्वय है, इसका इम्तिहान आज होगा। जिले में रविवार शाम छह बजे ब्लैकआउट एवं एयर रेड को लेकर व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। मेमोरियल मैदान में होने वाले इस अभ्यास में हवाई हमले की चेतावनी से लेकर ब्लैकआउट, राहत एवं बचाव कार्य और घायलों को अस्पताल पहुंचाने तक की व्यवस्थाओं को परखा जाएगा।

एसडीएम एवं प्रभारी अधिकारी नागरिक सुरक्षा कोर तनवीर अहमद ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी वास्तविक खतरे का माहौल बनाना नहीं, बल्कि आपात परिस्थितियों में प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों और संबंधित विभागों की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन करना है। अभ्यास के दौरान विभिनन एजेंसियां निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुरूप काम करेंगी। इससे आपात स्थिति में सामने आने वाली चुनौतियों और व्यवस्थागत कमियों की पहचान भी हो सकेगी।उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, एसएसबी, पुलिस, अगिन्शमन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा होमगार्ड्स, प्रांतीय रक्षक दल, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एंड गाइड, आपदा मित्र, नेहरू युवा केंद्र, भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम और स्वयंसेवी संगठनों की भी सहभागिता रहेगी।एसडीएम ने बताया कि इस अभ्यास के जरिए नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही आमजन को भी आपात परिस्थितियों में सतर्कता और सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने संबंधित एजेंसियों से समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय बनाने की मांग, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने निर्दोष पुरुषों के संरक्षण की उठाई आवाज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

हल्द्वानी। अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने पुरुषों के संरक्षण के लिए पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय के गठन की मांग उठाई। संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू एवं मार्गदर्शिका पूर्णिमा रजवार के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने हल्द्वानी एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर शीघ्र आयोग एवं मंत्रालय गठित करने की मांग की।इस दौरान अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू एवं मार्गदर्शिका सुनीता तिवारी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों का कुछ लोगों द्वारा कथित दुरुपयोग कर निर्दोष पुरुषों को छेड़छाड़, मारपीट, यौन शोषण, दहेज उत्पीड़न एवं दुष्कर्म जैसे मामलों में फंसाया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पुरुषों को भी निष्पक्ष सुनवाई और कानूनी संरक्षण मिलना चाहिए। संस्था ने मांग की कि झूठे मामलों में फंसाए गए निर्दोष पुरुषों को न्याय दिलाने, नुकसान की क्षतिपूर्ति तथा उनके कल्याण के लिए अलग बजट और सरकारी योजनाओं की व्यवस्था की जाए। साथ ही कानूनों के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रभावी प्रावधान किए जाएं, ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को सामाजिक और आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े।ज्ञापन देने वालों में पूर्णिमा रजवार, सुनीता तिवारी, रेनू कांडपाल, अलका टंडन, सौरभ कुमार, महेश साहू, हैप्पी महेश्वरी, यश गुप्ता, रोहित साहू, सुशील साहू, प्रशांत गुप्ता, विनीत टंडन, संदीप यादव, सूरज मिस्त्री, रोहतास प्रजापति, जानकी कश्यप, अमित कुमार, सुशील राय, रवि गुप्ता, दीपक कुमार, सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मां गंगा की आरती में योगी की माता को श्रद्धांजलि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। दशाश्वमेध घाट पर शनिवार को गंगा सेवा निधि की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मां गंगा की दैनिक आरती के दौरान हजारों श्रद्धालुओं और संस्था के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को नमन किया। इस अवसर पर मां गंगा की गोद में दीपदान कर दिवंगत पुण्यात्मा की शांति एवं सद्गति के लिए बाबा श्री काशी विश्वनाथ से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। काशीवासी बाबा विश्वनाथ और मां गंगा से यही कामना करते हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस : शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

डॉ0रईस अहमद उस्मानी
प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी 21 नवंबर : आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ योगानंद पाण्डेय, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने तहसील धौरहरा में 'संपूर्ण समाधान दिवस' में आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा.मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 77 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 36, पुलिस 30, विकास 07, समाज कल्याण 01 और अन्य के 03 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार विशाल शाह सहित सभी जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

17 औद्योगिक संगठनों की भागीदारी के साथ ग्लोबल इंडस्ट्रियल कन्वेंशन आयोजित

मुख्य संवाददाता
प्रातःकाल एक्सप्रेस

गुरुग्राम, 21 नवंबर। गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (जीआईए) की ओर से 20 नवंबर को जीआईए हाउस में पांचवें ग्लोबल इंडस्ट्रियल कन्वेंशन-2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हरियाणा और एनसीआर के 17 प्रमुख औद्योगिक एवं संस्थागत संगठनों के प्रतिनिधियों, उद्यमियों, सरकारी अधिकारियों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

जीआईए अध्यक्ष सुमित राव के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन में नेशनल ट्रेड एंड इंडस्ट्री काउंसिल के ग्लोबल चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने निर्यात और लॉजिस्टिक्स को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए उद्योगों के विकास के लिए इनके बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया।

सम्मेलन का उद्देश्य औद्योगिक संगठनों के बीच सहयोग बढ़ाने, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के जरिए वैश्विक बाजार के अवसर तलाशने और औद्योगिक श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को बढ़ावा देना था।

इस दौरान विभिनन औद्योगिक संगठनों, एफआईएसएमई और अपोलो हॉस्पिटल्स के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अपोलो हॉस्पिटल्स को स्वास्थ्य साझेदार के रूप में शामिल किया गया। सम्मेलन में वायु प्रदूषण और फेफड़ों के स्वास्थ्य पर विशेष सत्र भी हुआ, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रदूषण से होने वाली बीमारियों, बचाव और समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी।कार्यक्रम में संजीव बंसल, जगननाथ मंगला, दीपक नारंग, राकेश छाबड़ा, रामनदीप, डॉ. विनीत सिक्का, डॉ. बॉबी भलोतरा और नितिन गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रानी भवानी ट्रस्ट की संपत्ति पर फिर उठा विवाद, पांच साल से बंद दुकान का ताला तोड़ने का आरोप

पत्रकार वार्ता में प्रबंधक श्यामा प्रसाद कुंडू ने रखी पूरी बात, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। काशी के पांडेय घाट क्षेत्र में रानी भवानी ट्रस्ट की संपत्ति को लेकर नया विवाद सामने आया है। मकान संख्या डी.29/2 स्थित ट्रस्ट की एक दुकान का ताला तोड़कर कथित रूप से कब्जा किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में ट्रस्ट के प्रबंधक श्यामा प्रसाद कुंडू ने पत्रकार वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 30 वर्ष पूर्व गोपाल साव ने उक्त दुकान किराये पर ली थी। उनके अनुसार, करीब पांच वर्ष पहले गोपाल साव ने दुकान बंद कर उसकी चाबी ट्रस्ट को सौंप दी थी। इसके बाद से दुकान बंद थी और उसकी स्थिति यथावत बनी हुई थी। श्री कुंडू का आरोप है कि 20 नवंबर की रात कुछ लोगों ने मिलकर बंद दुकान का ताला तोड़ दिया और उस पर कब्जा कर लिया। घटना की जानकारी दशाश्वमेध थाने को दी गई है। इस संबंध में पुलिस से शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। प्रबंधक ने बताया कि रानी भवानी ट्रस्ट के ट्रस्टियों की नियुक्ति जिला जज, वाराणसी द्वारा की जाती है। उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर ट्रस्ट की संपत्ति को सुरक्षित कराने तथा पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

गेम चेंजर्स और लॉयल ब्वॉयज ने दर्ज की जीत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। केपी बास्केटबॉल अकादमी में आयोजित फ्रेंडशिप बास्केटबॉल प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में गेम चेंजर्स ने ग्रेट जूनियर को कड़े संघर्ष में 13-12 अंकों से हराया। विजेता टीम की ओर से ऐश ने 7, अवनी सिंह ने 4 और विंध्या गुप्ता ने 2 अंक बनाए। वहीं ग्रेट जूनियर की ओर से अर्णा ने 6, छवि यादव ने 4 और पंक्ति ने 2 अंक का योगदान दिया। दूसरे मुकाबले में लॉयल ब्वॉयज ने कोर्ट क्वीन्स को 10-4 अंकों से पराजित किया। लॉयल ब्वॉयज की ओर से राघवेंद्र सिंह ने 7 और देवांश मिश्रा ने 3 अंक बनाए, जबकि कोर्टक्वीन्स की ओर से तेजस्विनी ने 4 अंक अर्जित किए। इस अवसर पर टेनिस खिलाड़ी ऋषि शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अकादमी के कोच रवि प्रकाश मौर्य ने उनका स्वागत किया। मैच के मुख्य निर्णायक अनंत मौर्य और आदित्य वंश शर्मा रहे।

करछना में 101 दिव्यांगजनों को मिले कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत शनिवार को विकास खंड परिसर करछना में उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद व विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख सरोज कमलेश द्विवेदी ने अपने कर-कमलों से कुल 101 दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित कर लाभान्वित किया। इनमें 50 ट्राईसाइकिल, 03 व्हील चेयर, 04 स्मार्ट केन, 04 एमआर किट एवं 80 कान की मशीन शामिल रहीं। उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक पीयूष रंजन निषाद ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वय से उत्तर प्रदेश चहुंमुखी विकास की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के नागरिकों के सामाजिक उत्थान एवं स्वावलंबन के लिए कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं सभी अतिथियों व दिव्यांगजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समन्वयक वचन डे केयर सेंटर चंद्रभान द्विवेदी, आशीष वर्मा, शैलेंद्र कुमार दूबे, राजू, विभाग के कर्मचारी व दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता जी के निधन पर जताया शोक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोराम प्रयागराज। सोराम क्षेत्र के शिवगढ़ स्थित व्यापारी नेता के प्रतिष्ठान पर आज उ प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई । जिसमें व्यापारी नेता व जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित हुई जिसमें उपस्थित संगठन के सभी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के माता जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर माता जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रभु से उस पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने के लिए प्रभु से प्रार्थना की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी ने कहा कि किसी के जीवन में ऐसे अचानक से माँ का चला जाना बहुत ही हृदय विदारक घटना है जो कि व्यक्ति को अंदर से हिला कर रख देता है। उन्होंने कहा कि मां का सन्ह प्यार और त्याग जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस दुख की घड़ी में माननीय मुख्यमंत्री जी व समस्त परिवार के प्रति उ प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल अपने समस्त व्यापारियों के द्वारा अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करता है।

इसी तरह जिला संगठन मंत्री रामनरेश विश्वकर्मा ने भी मलाक चैधरी स्थित अपने प्रतिष्ठान पर अपने व्यापारी टीम के साथ शोक सभा कर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के माता जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की। और प्रभु से प्रार्थना की कि इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

इसी तरह से भदरी स्थित व्यापारी नेता नवल किशोर द्विवेदी ने भी एक रेस्टोरेंट पर उपस्थित होकर अपने व्यापारी साथियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के माता जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसी तरह से शांतिपुरम स्थित उ प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला मंत्री संजय केसरवानी ने भी अपने कार्यालय पर उपस्थित होकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के माता सावित्री देवी जी के निधन पर अपने संवेदनाएं व्यक्त की और कहा कि उनके निधन से मन अत्यंत ही व्यथित है। क्योंकि मां का स्थान व्यक्ति के जीवन में कोई और नहीं ले सकता।

शोक सभा में प्रमुख रूप से अमन केसरवानी ,विजय गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, राहुल केसरवानी, शोभित मित्तल,उज्ज्वल केसरवानी, आदित्य सोनी, लालबहादुर विश्वकर्मा, सोनू सोनी, सुशील सोनी, आदि व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।